RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 262 , शुक्रवार, 06 नवंबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



केसरिया के 160 कलाकारों को मिला सम्मान, अब 'ग्रामीण रामलीला' फिल्म में दिखेगी... 03



सीएचसी की बदहाल व्यवस्था पर एसडीओ सख्त औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य... 04

मैं बिकिनी पहनूंगी, किसी के बाप का क्या जा रहा हैः सोनारिका 07

शरद पवार बीमार, मोदी ने फोन पर पूछी तबियत

पीएम बोले-सुप्रिया तैयार हैं,मिलकर देश संभालेंगे

मुंबई/नई दिल्ली (एजेंसी)। एनसीपी-शरद प्रमुख शरद पवार को बुधवार को नियमित मेडिकल जांच के लिए मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें एक दिन पहले ही पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से छुट्टी मिली थी। पवार को खांसी और सांस लेने पर सीने में दर्द की शिकायत के बाद 2 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीएम मोदी ने पवार को अस्पताल में भर्ती कराए जाने पर उनसे फोन पर बात की थी। उन्होंने पवार से कहा कि सुप्रिया अब तैयार हैं। सुप्रिया और हम मिलकर देश संभालेंगे। आप आराम कीजिए। शरद पवार और पीएम



की ओर से इस बातचीत की पुष्टि नहीं की गई है। यह जानकारी पवार के करीबी विट्ठल मनियार ने मीडिया से बात करते हुए दी। विट्ठल के मुताबिक पवार ने जवाब दिया- मैं आराम कर रहा हूं। जब आप सभी साथ हैं, तो मुझे देश की कोई चिंता नहीं है।

हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी

सुप्रीम कोर्ट बोला-देरी होने पर व्यक्ति को रिहा करना होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय सीमा को साफ किया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज होने के समय से नहीं गिना जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कह कि जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गिरफ्तार त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका से जुड़ा है। इनका आरोप है कि हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। मामले की सुनवाई जस्टिस उज्जवल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंद्रकुर की बेंच में हुई।



त्रिपुरा हाईकोर्ट ने आरोपियों की याचिका खारिज की थी

मामला त्रिपुरा में 11.03 किलो याबा टैबलेट की जब्ती से जुड़ा था। 29 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान चारों लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन पुलिस ने उनकी औपचारिक गिरफ्तारी अगले दिन यानी 30 सितंबर को सुबह 11 बजे दर्ज की। मतलब हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। आरोपियों का कहना था कि उन्हें हिरासत में लेने के 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए था। मामला त्रिपुरा हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसके बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

संक्षिप्त समाचार

'इंडिया' की दिल्ली रैली में न जाना पड़ गया भारी

● देशभर में यूथ कांग्रेस के 200 से ज्यादा नेता सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी इंडी गठबंधन की रैली में शामिल न होने के कारण इंडियन यूथ कांग्रेस ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए अपने 200 से ज्यादा सदस्यों को निलंबित कर दिया है। निलंबन पत्रों से पता चलता है कि अब तक सात राज्यों में कम से कम 185 सदस्यों को निलंबित किया गया है और उनसे उनकी अनुपस्थिति के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। सूत्रों के अनुसार, अनुशासनात्मक समीक्षा के बाद यह संख्या बढ़कर 500 तक पहुंच सकती है। हालांकि, यूथ कांग्रेस के कुछ निलंबित



सदस्यों ने इस बात पर हैरानी जताई है कि पार्टी ने उन्हें सिर्फ एक घटना के आधार पर कैसे आंक लिया, जबकि उन्होंने पार्टी की सेवा में अपने जीवन के कई साल दिए हैं। यूथ कांग्रेस के महासचिव रोहित राजोरिया को बिना अपनी बात रखने का मौका दिए उनके पद से हटा दिया गया। इस पर उन्होंने कहा,हमने पार्टी के लिए एफआईआर का सामना किया और जेल भी गए। क्या हमें सिर्फ एक कार्यक्रम में शामिल न हो पाने की वजह से हटाया जा रहा है। राजोरिया ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा मनमाने ढंग से काम कर रही है, जबकि उन्होंने पार्टी के लिए 15 साल तक काम किया है। इस दौरान, पार्टी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से उनके खिलाफ 15 एफआईआर दर्ज हुईं और उन्हें तीन-चार बार जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने एक कार्ड दिखाया, जिसमें लोगों से उनके दिवंगत चाचा की तेरवीं में शामिल होने का आग्रह किया गया था।

दिल्ली में दर्दनाक हादसा... निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी 2 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब



15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली पुलिस और अन्य टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। मामले में दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इनमें असिस्टेंट इंजीनियर (बिल्डिंग) मोहम्मद नईम और जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग) अमन दलाल शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट बोला-देरी होने पर व्यक्ति को रिहा करना होगा

बम-बम बाजार, धनतेरस से पहले 'धनवर्षा' आसमान पर पहुंचा शेयर बाजार, भारी उछाल

● सेंसेक्स 2009 और निफ्टी 576 अंक उछला ● साल 2026 की यह दूसरी सबसे बड़ी बढ़त

मुंबई (एजेंसी)। धनतेरस से एक दिन पहले 5 नवंबर को सेंसेक्स 2008 अंक या 2.60 फीसदी चढ़कर 79,310 पर बंद हुआ। इसे तेजी से निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। निफ्टी में भी 576 अंक या 2.40 फीसदी की तेजी रही, ये 24,537 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी ने 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का आंकड़ा पार किया। ये इस साल की सेंसेक्स की दूसरी बड़ी बढ़त है। 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। यानी करीब सेंसेक्स में 7 महीने बाद इतनी बड़ी तेजी आई है। शेयर बाजार में इस बड़ी तेजी में निवेशकों को बड़ा फायदा हुआ है। इनकी कमाई में लगभग 9 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। स्टॉक एक्सचेंज एनएसई पर लिस्टेट कंपनियों का मार्केट कैप लगभग 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़कर अब करीब 503 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।

भारतीय शेयर बाजार में इस तेजी की प्रमुख बड़ी वजहों में ये शामिल हैं-अमेरिका में ट्रंप के मिडटर्म चुनाव में करारी हार के बाद पश्चिम एशिया में तनाव के समाधान की बढ़ी उम्मीदें, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट, भारतीय रुपया 2 हफ्ते के सबसे हाई स्तर पर, विदेशी निवेशकों की तगड़ी खरीदारी। हाल ही में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव हुए थे। इसके नतीजों ने प्रेसीडेंट ट्रंप की पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। चुनाव में ट्रंप की करारी हार हुई है। उनकी रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के दोनों सदनों सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स पर अपना कंट्रोल खो दिया है। ट्रंप की इस हार के बीच पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान में जारी तनाव में कमी आने की संभावना है। दुनिया अब इस युद्ध को खत्म होनी की उम्मीद करने लगी है।



कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट

पश्चिम एशिया में युद्ध और तनाव से होर्मुज भी बाधित रहा, लेकिन अब इसके पहले की तरह खुलने की संभावना ने दुनिया में कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों से राहत दी है। होर्मुज कच्चे तेल के परिवहन के लिए एक अहम समुद्री रास्ता है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में तेजी को बढ़ाने वाली वजहों में तेल की कीमतों में गिरावट भी शामिल मानी जा रही है। कच्चे तेल की कीमत अब 95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है, जो एक समय पर 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चली गई थी। एक्सपर्ट इसमें और भी गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।

भारतीय रुपया 2 हफ्ते के सबसे हाई स्तर पर

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय करेंसी रुपये में भी बड़ी तेजी दिखी है। यह पिछले 2 हफ्ते के सबसे हाई स्तर पर पहुंच गया है। आज जब रुपया खुला तो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.3 फीसदी बढ़कर 94.35 के लेवल पर पहुंच गया। जानकार बता रहे हैं ऐसा तब हुआ जब तेल की कीमतों में गिरावट आई है। वहीं, भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी देखी जा रही है। बीते कारोबारी सत्र यानी कि बुधवार को विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर मार्केट में कुल 7284 करोड़ रुपये की तगड़ी खरीदारी की है। हालांकि, घरेलू निवेशकों ने 3712 करोड़ रुपये की बिक्री की है। विदेशी निवेशकों के द्वारा भारतीय बाजार में इस दिलचस्पी ने मार्केट को मजबूत करने में मदद की है।

तमिलनाडु के लोगों को सीएम विजय का दीवाली गिफ्ट

● सिर्फ 100 रुपए में मिलेगी 10 सब्जियों की विशेष किट

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय ने दीवाली के लिए सब्जियों का एक विशेष पैकेज पेश किया है। इसमें 10 जरूरी चीजें शामिल हैं और इसकी कीमत सिर्फ 100 रुपए है। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी जिन्हें त्योहारों के इस मौसम में खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों का



सामना करना पड़ रहा है। 'वेट्री स्पेशल वेजिटेबल पैकेज' नाम की इस पहल को राज्य सहकारिता विभाग के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह 5 से 7 नवंबर तक तमिलनाडु भर के 218 चुनिंदा सहकारी केंद्रों पर उपलब्ध होगा। इस योजना की औपचारिक शुरुआत चेन्नई में पूंगा नगर कोऑपरेटिव होलसेल स्टोर के 15वें मेन रोड आउटलेट पर की गई। शहर में चार मोबाइल सब्जी वाहन भी तैनात किए गए हैं ताकि ये पैकेज ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंच सकें। हर पैकेज में लगभग 2.55 से 2.60 किलोग्राम सब्जियां और खाना पकाने की अन्य जरूरी सामग्री है। इन्हें इस तरह चुना गया है कि एक आम परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो सकें।

यूजीसी के जातिगत भेदभाव वाले नियमों की होगी समीक्षा!

● केंद्र सरकार हुई ऐक्टिव, समिति बनाने पर कर रही है विचार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने आज गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह 'यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) रेगुलेशंस, 2026' की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने पर विचार कर रही है। कोर्ट ने इस साल की शुरुआत में इन नियमों पर रोक लगा दी थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ को बताया, सरकार इस मामले की जांच कर रही है ताकि छात्रों की चिंताओं का समाधान हो सके और कोई भी वर्ग असंतुष्ट या आशंकित महसूस न करे। मुख्य न्यायाधीश ने हर छात्र के हितों की रक्षा करने की



आवश्यकता पर जोर दिया। कोर्ट ने याचिकाओं की इस सुनवाई को चार सप्ताह के लिए टाल दिया है। यह मामला 'अबेदा सलीम तडवी बनाम भारत संघ' और इससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित है। 2019 में यह याचिका रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं ने दायर की थी। इन दोनों छात्रों ने कैंपस में जातिगत भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। याचिका में उच्च शिक्षा संस्थानों में इस तरह के भेदभाव के खिलाफ मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग की गई थी। यूजीसी ने विचार-विमर्श के बाद इस साल जनवरी में 2026 के नियमों को अधिसूचित किया था, जिसने 2012 के ढांचे की जगह ले ली। जनवरी 2026 में, सुप्रीम कोर्ट ने 2026 के नियमों पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने इन नियमों को लेकर कहा था कि ये नियम पहली नजर में अस्पष्ट लगते हैं और इनका दुरुपयोग हो सकता है।

बिहार की राजनीति में अब 'मिशन' निशांत शुरू

● बड़े उलटफेर की सुनाई दे रही है आहट! ● निशांत बनेंगे उपमुख्यमंत्री तो विजय चौधरी जेडीयू कार्यकारी अध्यक्ष

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजनीति में अब मिशन निशांत शुरू हो गया है। जनता दल (यू) की बैठक में माना जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री के पद पर निशांत कुमार की ताजपोशी संभावित है। 'मिशन निशांत' की पहली कड़ी आज से शुरू हो जाएगी। यहां से शुरू होगा निशांत के 'भविष्य' की प्लानिंग। कुल मिलाकर बिहार की सियासत में बड़े बदलाव की चर्चा शुरू हो चुकी है। नीतिश कुमार के बेटे निशांत डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही जदयू में भी बड़े उलटफेर की संभावना है। फिलहाल, जेडीयू के कोटे से विजय चौधरी और विजेंद्र यादव उपमुख्यमंत्री हैं। दोनों ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इन दोनों की जगह इकलौते निशांत कुमार डिप्टी सीएम बनेंगे। यानि, जेडीयू कोटे से सिर्फ निशांत कुमार को उपमुख्यमंत्री की



कुर्सी दी जाएगी। जदयू के सूत्रों की माने तो आज विजय चौधरी उपमुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देंगे और निशांत कुमार उपमुख्यमंत्री रहते हुए स्वास्थ मंत्री भी बने रहेंगे। कहा ये जा रहा है कि विजय कुमार चौधरी को प्रमोट कर जनता दल (यू) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने संजय झा के लिए कुछ और सोच रखा है।

तो संजय झा बनेंगे केंद्रीय मंत्री

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के बारे में चर्चा है कि इन्हें केंद्रीय मंत्री बनाने की प्लानिंग है। केंद्रीय मंत्रिमंडल का जब विस्तार होगा तो इन्हें एडजेस्ट किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का भविष्य बीजेपी नेतृत्व को तय करनी है। अब या तो दोनों मंत्री बने रहेंगे या कोई एक यह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर करता है। दरअसल, बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजों पर मंथन को लेकर जेडीयू की बैठक हुई। इसमें राज्य के कई बड़े नेता शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने की। इसमें पार्टी के प्रमुख नेता और सभी जिला अध्यक्ष शामिल हुए। इसका मुख्य एजेंडा एमएलसी चुनाव में जेडीयू और एनडीए के खराब प्रदर्शन और हार के कारणों की समीक्षा करना मुख्य एजेंडा रहा।

राहुल बार-बार फेल होने वाले लड़के जैसे

● सीएम योगी बोले-हारने पर कहते हैं ईवीएम खराब है
● गाजियाबाद में बीजेपी की अराजकता हटाओ रैली


गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- कांग्रेस के शासनकाल में घोटाले पर घोटाले हुए। आज यही कांग्रेस लोकतंत्र की बात कर रही है, जबकि 1975 में इसी पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने कहा- उनकी स्थिति बार-बार फेल होने वाले उस लड़के जैसी हो गई है, जो हर बार अपनी नाकामी का नया बहाना बनाता है। चुनाव जीतने पर ये अपनी मेहनत का श्रेय लेते हैं और हारने पर ईवीएम को दोषी ठहराते हैं। सीएम योगी ने ये बातें 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान कहीं। जनसभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने करीब 1600 मीटर तक पैदल यात्रा की। पदयात्रा में सीएम योगी हाथ में भाजपा का झंडा लेकर सबसे आगे चल रहे थे।



संक्षिप्त समाचार

सीएम के खिलाफ अभद्र वीडियो पोस्ट करने पर युवक अरेस्ट, वैशाली साइबर थाना में केस दर्ज, मोबाइल जब्त

हाजीपुर। हाजीपुर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अपमानजनक और अभद्र भाषा वाला वीडियो पोस्ट करने के मामले में वैशाली साइबर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के निशांत कुमार यादव, पिता शंकर कुमार, के रूप में हुई है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर थाना में कांड संख्या 72/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, युवक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आरोप है। पुलिस ने युवक के मोबाइल की जांच की। इसमें कथित तौर पर संबंधित वीडियो मिले, जिसके बाद मोबाइल जब्त कर लिया गया। पुलिस ने युवक से बंधपत्र भरवाया है और उसके सोशल मीडिया अकाउंट निष्क्रिय कर दिए हैं। वैशाली पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ इस्तेमाल करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



आठवीं के छात्र ने गमछे से लगाया फंदा, मौत, घर के पास मिला शव, पिता चेन्नई में मजदूरी करते हैं

हाजीपुर। वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र के शर्मा गांव में 14 वर्षीय मोनू कुमार की मौत हो गई। उसका शव घर के सामने मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। मोनू मांगूराही पंचायत के वार्ड नंबर 12 का रहने वाला था। वह उमाशंकर राय का बेटा था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। पुलिस के अनुसार, बुधवार को उसका शव घर के सामने मिला। घटना की जानकारी मिलने पर महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। मामले की जांच की जा रही है। मोनू दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता उमाशंकर राय चेन्नई में मजदूरी करते हैं। परिवार में मां पूनम देवी, बड़ा भाई सोनू कुमार और बहनें अंशु कुमारी व शिवानी कुमारी हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मोनू मिलनसार स्वभाव का था। उसकी मौत के कारणों को लेकर फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना से जुड़ी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



3 लाख की सुपारी लेकर प्रिंस को मारी थी गोली, 1 महीने बाद पटना के निजी अस्पताल में मौत

हाजीपुर। हाजीपुर के सदर थाना क्षेत्र में गोली लगने से घायल 18 वर्षीय प्रिंस कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसने पटना के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। 1 सितंबर की रात भोज से घर लौटते समय अपराधियों ने उसे दो गोलियां मारी थीं। पुलिस जांच में हत्या की साजिश और तीन लाख रुपए की सुपारी देने की बात सामने आई थी। प्रिंस कुमार बलवा कुंवारी गांव निवासी मिथिलेश सिंह का बेटा था। वह 1 सितंबर की रात सत्येंद्र सिंह के यहां भोज खाने गया था। घर लौटने के दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह पूरी रात जंगल में पड़ा रहा। 2 सितंबर की सुबह डायल 112 की पुलिस टीम ने प्रिंस को जंगल से उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच भेजा गया। इसके बाद परिजन उसे पटना के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मिथिलेश सिंह के बयान पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। वहीं, एक नाबालिग को कानून के उल्लंघन के आरोप में पकड़ा गया था। पुलिस जांच के मुताबिक, प्रिंस की हत्या की साजिश रची गई थी। जांच में ऋषभ नाम के व्यक्ति द्वारा हत्या कराने के लिए तीन लाख रुपए की सुपारी देने की बात सामने आई थी। सुपारी देने के आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार, प्रिंस का भी आपराधिक रिकॉर्ड था। कुछ महीने पहले वह पटना में एक व्यक्ति की हत्या करने के इरादे से गया था। पुलिस ने वारदात से पहले उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से बाहर आने के बाद उसकी हत्या कराने की साजिश रचे जाने की बात जांच में सामने आई। प्रिंस की मौत के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

नवंबर में अधिकतम पारा सामान्य से ज्यादा रहेगा, सुबह-शाम हल्की ठंड का होगा एहसास



पटना। बिहार में आज मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के मासिक पूर्वानुमान में भी नवंबर के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। ऐसे में अभी दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड का सिलसिला जारी रह सकता है। अधिकतम पारा 31 डिग्री और न्यूनतम पारा 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आसमान साफ रहेगा, बादल नहीं छाएंगे। बिहार के अधिकतर जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच करीब 8 से 12 डिग्री तक का अंतर रहने का अनुमान है। रात और सुबह के समय तापमान कम रहने से हल्की ठंड महसूस हो रही है। उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम बिहार में अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री रहने का अनुमान है। वहीं, उत्तर-मध्य, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-मध्य बिहार में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के आसपास रह सकता है। सुबह के समय कुछ इलाकों में हल्का से मध्यम कोहरा भी देखने को मिल सकता है। राजधानी में अगले कुछ दिनों तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। आज अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 23 डिग्री रहने का अनुमान है। 6 और 7 नवंबर को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री तक रह सकता है। इन दिनों सुबह के समय धुंध रहने की संभावना है, जबकि दिन में आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा।

पटना में एटीएम कार्ड बदलकर 61 हजार की ठगी

पटना। पटना में एटीएम कार्ड बदलकर खाते से पैसे निकालने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में गयाजी के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ-1 राजेश रंजन ने बताया कि 9 अगस्त की शाम करीब 6:17 बजे संगीता सिंह कदमकुआं स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे निकालने पहुंची थी। इसी दौरान उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। इसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने कार्ड निकाल लिया और उनके खाते से 61,102 रुपये की अवैध निकासी कर ली थी। मामले में 11 अगस्त को कदमकुआं थाना में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गयाजी जिले के विवेक कुमार, धीरज सिंह और धनंजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से छह मोबाइल, तीन पेचकस, दो अन्य एटीएम कार्ड, 16,500 रुपए नगद, घड़ी और घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है। गिरोह के अन्य सदस्यों और इस तरह की दूसरी घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

आज वेतन नहीं मिला तो 7 नवंबर से ठप होगी सफाई व्यवस्था

एजेंसी, पटना



- नगर निगम सफाई कर्मियों ने दी चेतावनी, कहा- 2 महीने से नहीं मिली है सैलरी

पटना में वेतन और पेंशन भुगतान नहीं होने से नगर निगम कर्मचारियों और सफाई मजदूरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर निगम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर 6 नवंबर तक कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला तो 7 नवंबर से शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। वेतन भुगतान की मांग को लेकर नगर आयुक्त का घेराव भी किया जाएगा।

महासंघ के अध्यक्ष नंद किशोर दास ने कहा कि 4 नवंबर तक निगम के कई कर्मचारियों को वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इससे कर्मचारियों के बीच आक्रोश है। संघ का आरोप है कि निजी एजेंसी के तहत काम कर रहे सफाई कर्मियों को सितंबर और अक्टूबर का वेतन नहीं मिला है। वहीं, अगस्त में भी कई सफाई मजदूरों को पूरी राशि के बजाय मनमाने तरीके से महज तीन-चार हजार रुपये का भुगतान किया गया।

तीन महीने से भुगतान नहीं मिलने का आरोपः संघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि अन्य ठेकेदारों को करोड़ों रुपए का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन सफाई मजदूरों को कई महीनों से उनका पारिश्रमिक नहीं मिला है। दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार सामने हैं। ऐसे में वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने घर का किराया, भोजन, बच्चों की जरूरत और इलाज का खर्च जुटाना मुश्किल हो गया है। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कई कर्मचारी पहले ही कर्ज लेने को मजबूर हैं। त्योहार के समय आर्थिक परेशानी और बढ़ गई है।

7 नवंबर से सफाई ठप करने की चेतावनीः महासंघ ने स्पष्ट किया है कि 6 नवंबर तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो 7 नवंबर से सफाईकर्मी काम बंद कर देंगे। इसके साथ ही नगर आयुक्त के कार्यालय का घेराव कर वेतन भुगतान की मांग की जाएगी। संघ ने निगम प्रशासन से कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुए तत्काल लंबित वेतन और पेंशन का भुगतान करने की मांग की है।

नेताओं का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन की जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। निगम कर्मचारियों की इस चेतावनी के बीच दीपावली और छठ से पहले पटना की सफाई व्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका है।

इंजीनियर की पत्नी ने रुपयों से भरा बैग फेंका, फाइल्स में छिपाई नोटों की गड्डी

एजेंसी, पटना



आय से अधिक संपत्ति के मामले में पथ निर्माण विभाग के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर विजय कुमार के 4 ठिकानों पर बुधवार को विशेष निगरानी इकाई(एसवीयू) ने दबिश दी थी। बुधवार को सहरसा, औरंगाबाद, पटना के ठिकानों पर टीम ने छापेमारी की थी। विजय कुमार सहरसा में पोस्टेड हैं। पटना के दानापुर स्थित फ्लैट में जब टीम पहुंची तो इंजीनियर की पत्नी ने गेट नहीं खोला और इसी दौरान घर के पीछे नोटों से भरा थैला फेंक दिया था। टीम ने थैले को बरामद किया। थैले में 9 लाख रुपए थे। इसके बाद गेट खुलवाकर छापेमारी की।जहां फ्लैट में फाइलों में नोटों की गड्डी छिपाकर रखी हुई थी। रेड के दौरान दौरान टीम को 32 लाख 57 हजार 500 रुपए कैश मिले थे। छापेमारी के दौरान इंजीनियर के घर से 31.42 लाख कैश, 23.23 लाख के जेवर और 10 लाख की फिक्स्ड डिपोजिट रसीद बरामद हुई। इंजीनियर के पास वैध आय से 3 करोड़ 28 लाख 70 हजार 600 रुपए (139.87%) अधिक की संपत्ति पाई गई है। बिजय ने 22 सालों की नौकरी में अकूत संपत्ति जुटाई। पटना के महेश नगर स्थित प्रेमा रेजिडेंसी के फ्लैट नंबर 303, रामजयपाल नगर, धनौत और दानापुर के विभिन्न स्थानों पर भूखंड मिले हैं।

इसके अलावा गोला रोड, दानापुर स्थित वास्तुगंगा कॉलोनी में साईं शरणम् नामक तीन मंजिला मकान और एक नवनिर्मित छह मंजिला मकान का भी पता चला है। 6 मंजिला मकान की अनुमानित लागत करीब एक करोड़ रुपए बताई गई है। विशेष निगरानी इकाई के अनुसार, सत्यापन के दौरान अभियंता और उनकी पत्नी के नाम पर कुल 3 करोड़ 8 लाख 75 हजार रुपए की अचल संपत्ति का पता चला है।

एनडीए की बैठक में दो एजेंडों पर चर्चा

एजेंसी, पटना



बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजों के बाद आज एनडीए की बुधवार को लोक सेवक आवास में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। इसमें भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हम और रालोमो के शीर्ष नेता और प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे।

बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बैठक में 2 विषय पर चर्च हुई। पहला कि 20 नवंबर को एनडीए सरकार का एक साल पूरा होने वाा है। इस अवसर पर 21 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। वे वैशाली में बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। वे आ रहे हैं तो कुछ न कुछ सौगात भी देंगे। दूसरा 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान चलाया जा रहा है। जिस जिले में पदयात्रा नहीं हुई है, वहां छठ के बाद पदयात्रा होगी। एनडीए एकजुट है। यही हमारी खूबसूरती है। 5 पांडव एकजुट होकर सरकार चला रहे हैं। वहीं, चर्चा थी कि बैठक में विधान परिषद की 8 सीटों के चुनाव परिणामों की समीक्षा की जाएगी, पर ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई।

MLC चुनाव में हार और जीत की होगी समीक्षाः एनडीए की बैठक से पहले चर्चा थी कि विधान परिषद चुनाव के नतीजों का सीटवार विश्लेषण किया जाएगा। किन सीटों पर गठबंधन को सफलता मिली और किन सीटों पर बेहतर प्रदर्शन नहीं रहा।

पुलिस अधिकारी बताकर नाबालिग से किया रेप

एजेंसी, पटना



- सूरत से गिरफ्तार, वर्दी वाली तस्वीर दिखाकर जीता भरोसा, सरकारी नौकरी दिलाने का दिया था झांसा

पटना में 25 अक्टूबर को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर युवक ने 17 साल की नाबालिग से रेप किया था। दुष्कर्म के बाद आरोपी रोहतास निवासी अभिषेक दुबे (26) सूरत फरार हो गया था और मोबाइल बंद कर लिया था। मोबाइल ऑन होने के बाद पुलिस ने लोकेशन के आहार पर उसे सूरत से गिरफ्तार किया। पीड़िता को आरोपी ने कहा था कि वो पुलिस अधिकारी है। मोबाइल में वर्दी वाली तस्वीर भी दिखाई थी। जिसके बाद नाबालिग उसके विश्वास में आ गई। आरोपी नाबालिग को एक गेस्ट हाउस में ले गया था, जहां उसके पास गलत किया। मामले की जानकारी गुरुवार को दानापुर एएसपी अजीत कुमारी दी है। मामला खगौल थाना क्षेत्र का है।

बस में आरोपी से हुई थी पहचानः पीड़िता की मां ने 25 अक्टूबर की शाम खगौल थाने में लिखित शितायत की थी। जिसमें बताया था मैं 23 अक्टूबर को अपनी बेटी के साथ दांत का इलाज कराकर बस से घर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी युवक मेरे पास वाली सीट पर बैठ गया। उसने खुद को बिहार पुलिस का अधिकारी बताया और हमसे बातें करने लगा। इसी बीच उसने मेरी बेटी को सरकारी नौकरी लगाने के सपनें दिखाए।

मां-भाई को फोटो कॉपी के लिए भेजा, बेटी को गेस्ट हाउस ले गयाः पीड़िता की मां के अनुसार 25 अक्टूबर को आरोपी ने दस्तावेजों के साथ बेटी को अपने बताए जगह पर बुलाया था। मैं बेटी और बेटे को लेकर उसके पास गई थी। सोचा था कि वो पुलिस में है, सरकारी नौकरी लगा देगा। उसके पास पहुंचे तो बेटे को आरोपी ने फोटो कॉपी करवाने के लिए भेज दिया। बेटे के साथ मैं भी चली गई थी। बेटी उसके पास अकेली थी। इसी दौरान आरोपी उसे एक गेस्ट हाउस ले गया। गेस्ट हाउस में आरोपी ने नाबालिग के साथ रेप किया। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने तुरंत अपनी मां और भाई को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को भी बुलाया। तब तक आरोपी बहुत दूर भाग चुका था। पुलिस गेस्ट हाउस पहुंची जांच में पाया कि रजिस्टल में आरोपी का नाम भी दर्ज नहीं था। जिसके बाद संचालक अंतिम कुमार की गितिविधि संदिग्ध लगी। इस आधार पर संचालक को गिरफ्तार किया था। गेस्ट हाउस को सील भी कर दिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। तकनीकी जांच में पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी गुजरात के सूरत स्थित इच्छापुर थाना क्षेत्र तपोवन सोसाइटी में है। टीम ने वहां पहुंचकर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले गुजरात में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। एएसपी अजीत कुमार ने आम लोगों से अपील की कि नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले अनजान लोगों पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

भाजपा में शामिल ब्रजवासी-राहुल की सदस्यता रद्द करने की मांग, सभापति को सौंपी गई याचिका

एजेंसी, पटना



- कहा- निर्दलीय जीतने के बाद पार्टी में शामिल होना दलबदल

तिरहुत स्नातक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद भाजपा में शामिल हुए बंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज की सदस्यता रद्द करने की मांग उठी है। इसको लेकर जन सुराज पार्टी ने बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति प्रो. डॉ. रामवचन राय को औपचारिक याचिका सौंपी है। पार्टी ने दोनों नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने सभापति के सामने अपना पक्ष रखते हुए दोनों विधान पार्षदों के भाजपा में शामिल होने को लेकर कार्रवाई की मांग की। जन सुराज के नेताओं ने कहा कि यदि विधान परिषद सचिवालय की ओर से इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी न्याय के लिए पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी।

चुनाव जीतने के 72 घंटे के भीतर भाजपा में शामिल होने का आरोपः जन सुराज के मुताबिक, अक्टूबर 2026 में विधान परिषद उपचुनाव में बंशीधर बृजवासी ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र और राहुल राज ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। दोनों को जीत भी मिली थी, लेकिन चुनाव परिणाम आने के कुछ ही समय बाद दोनों भाजपा में शामिल हो गए। जन सुराज का कहना है कि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने वाले सदस्य का किसी राजनीतिक दल में शामिल होना संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के तहत दलबदल का मामला है। इसी आधार पर पार्टी ने दोनों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की मांगः याचिका में संविधान की दसवीं अनुसूची का हवाला दिया गया है। जन सुराज के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह ने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होने के बाद कोई सदस्य किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण नहीं कर सकता।

ऐसा करने पर उसकी सदन की सदस्यता समाप्त किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि दोनों नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के मामले में संविधान के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। पार्टी ने कार्यकारी सभापति से इस मामले में जल्द फैसला लेने की मांग की है।

अनंत सिंह को 4 दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश

एजेंसी, पटना



मोकामा विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने अब 4 दिसंबर 2026 तक या उससे पहले संबंधित जांच अधिकारी के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है। इससे पहले उनके लिए सरेंडर करने की समय सीमा 1 दिसंबर तय होने की बात सामने आई थी। ताजा आदेश में इसे बढ़ाकर 4 दिसंबर कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 19 मार्च 2026 के जमानत आदेश को अगली सुनवाई तक निलंबित कर दिया है।

SC ने कहा कि हाईकोर्ट ने अनंत सिंह को जमानत देते समय उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की संख्या और आरोपों की गंभीरता पर सही तरीके से विचार नहीं किया। कोर्ट ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से जोड़कर कैसे देखा गया। सुप्रीम कोर्ट ने जांच अधिकारी को चार महीने के भीतर जांच पूरी कर पूरक आरोपपत्र (Supplementary Charge Sheet) दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार महीने बाद होगी।

2 दिन पहले एक पत्रकार को दिए इंटरव्यू में अनंत सिंह ने दुलारचंद हत्याकांड पर कई नई बातों का खुलासा किया। मोकामा विधानसभा क्षेत्र के तारतड़ गांव में दुलारचंद यादव का घर है। 30 अक्टूबर 2025 को अनंत सिंह खाना खाने के बाद अपने समर्थकों और काफिले के साथ निकले थे। उस समय कई लोग और गाड़ियां साथ थीं। कुछ गाड़ियां आगे निकल गई थीं, जबकि कुछ पीछे रह गई थीं।

पटना में एक किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



पटना में पुलिस ने गांजा बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान शिवम कुमार की के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से पिस्टल और करीब 1 किलो गांजा बरामद किया है। इसकी गिरफ्तारी राजापुल गुमटी के पास हुई है। सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजापुल के पास एक गुमटी में गांजा रखकर बेचा जा रहा है। साथ ही वहां पिस्टल भी रखे जाने की जानकारी मिली थी।

सूचना मिलते ही श्रीकृष्णापुरी थाना पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और करीब एक किलो गांजा मिला। मामला श्रीकृष्णपुरी थाना क्षेत्र का है।

जेल से आने के बाद करने लगा नशे का धंधाः एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार शिवम कुमार का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी गांजा की खरीद-बिक्री के मामले में जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से गांजा के धंधे में जुट गया था। इस बार गुमटी में गांजा रखकर बेचते हुए पकड़ा गया।

सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार और श्रीकृष्णापुरी थानाध्यक्ष जितेंद्र राणा ने पीसी कर पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया जाता था और कारोबार में उसके साथ अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

पीएमसीएच में कर्मियों की वापसी को लेकर प्रदर्शन

एजेंसी, पटना



- वेतन बढ़ाने की मांग, 3 महीने का बकाया वेतन मांगने पर हटाए गए थे 20 कर्मी

पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) के मेन गेट पर आउटसोर्स कर्मियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने करीब 20 बर्खास्त कर्मियों को काम पर वापस लेने, वेतन बढ़ाने और श्रम कानून लागू करने की मांग की। कर्मचारियों ने अस्पताल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग एजेंसी के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लंबे समय से काम करने के बावजूद वेतन नहीं बढ़ा। मांग उठाने वाले कुछ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

कर्मचारियों के मुताबिक, करीब 4 महीने पहले उन्होंने 3 महीने का बकाया वेतन देने की मांग को लेकर PMCH परिसर में प्रदर्शन किया था। इसके बाद करीब 20 आउटसोर्स वार्ड कर्मियों को नौकरी से हटा दिया गया। कर्मियों को वापस लेने की मांग की। PMCH आउटसोर्स वर्कर्स संघर्ष मोर्चा (AICCTU-ऐक्टू) के बैनर तले प्रदर्शन किया गया।

हमें जिनती सैलरी मिलती, वो न्यूनतम वेतन से भी कमः प्रदर्शन में शामिल महिला कर्मचारी मनस्वी कुमारी ने बताया कि वे कई साल से अस्पताल में काम कर रही हूं। इसके बावजूद हर महीने 8 हजार रुपए वेतन मिलता है। यह न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। मनस्वी ने कहा कि चार-पांच महीने तक वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी होती है। किराए के मकान में रहने और परिवार चलाने वाले कर्मचारियों को खर्च के लिए कर्ज लेना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन के बाद आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

ऐक्टू के महासचिव रणविजय कुमार ने कहा कि पीएमसीएच में आउटसोर्सिंग कर्मियों से कम वेतन पर काम कराया जा रहा है। कर्मचारियों को उनके श्रम के अनुरूप भुगतान नहीं किया जा रहा और श्रम कानूनों का भी पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की कि बर्खास्त किए गए सभी 20 कर्मचारियों को अविलंब वापस काम पर रखा जाए। सभी आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन में वृद्धि की जाए और अस्पताल में श्रम कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के साथ तानाशाही रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक बर्खास्त कर्मियों की बहाली, बकाया वेतन भुगतान और श्रम कानूनों के पालन की मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

दीपों की रोशनी में सराबोर हुआ ईस्ट चंपारण लायंस क्लब

दीपोत्सव में गेम प्रतियोगिताओं से लेकर कपल्स रैंप वॉक तक रहा आकर्षण, आतिशबाजी के साथ हुआ समारोह का समापन



बीएनएम @ मोतिहारी। दीपों की जगमग रोशनी, उल्लास से भरा माहौल और रंगारंग सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच ईस्ट चंपारण लायंस क्लब की ओर से दीपावली के शुभ अवसर पर शहर के एक स्थानीय निजि होटल में भव्य दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। उक्त सुअवसर पर लायंस एवं लियो क्लब के सदस्यों के साथ उनके परिवार के लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। समारोह की शुरुआत सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। दीपोत्सव के दौरान मनोरंजन और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। बच्चों एवं सदस्यों के लिए विभिन्न गेम प्रतियोगिताओं के साथ म्यूजिकल चेयर लेडीज प्रतियोगिता, म्यूजिकल चिल्ड्रेन चेयर और बॉलीवुड क्विज का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण लायंस क्लब के कपल्स का शानदार रैंप वॉक रहा। इसमें सभी जोड़ों ने आकर्षक अंदाज में अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। समारोह में सदस्यों एवं उनके परिवारों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय होटल के प्रोपराइटर लायन उमेश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अपने होटल में बेहतर व्यवस्था कर कार्यक्रम को यादगार बनाने में भरपूर सहयोग दिया। क्लब अध्यक्ष इंजीनियर सुधांशु सिन्हा, सचिव रिजू श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रामप्रकाश सिन्हा ने कार्यक्रम के चेयरपर्सन शुभम गुप्ता तथा लियो क्लब के सदस्यों को आयोजन समिति की जिम्मेदारी सौंपी थी। आयोजन समिति ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए समारोह को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी के बीच दीपोत्सव समारोह का हर्षोल्लासपूर्ण समापन हुआ। रोशनी, मनोरंजन और आपसी सौहार्द से सजा यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। समारोह में लायन विजय अग्रवाल, अमित कुमार सेन, मनोज जायसवाल, डॉ. परवेज अजीज, डॉ. सुरेश चन्द्रा, सतीश गुप्ता, जितेन्द्र ज्वेलर्स, सुजीत कुमार सिंह, अशोक जायसवाल, सुधांशु रंजन, किशोर पांडे, उमेश कुमार सिंह, सुधीर गुप्ता, किंग कुमार, मनीष झा, शुभम गुप्ता, संजीव कुमार, आदित्य सिंह, सोनल सारस्वती, पवन पुनीत चौधरी, अजय आजाद, आरके सिंह, डॉ. आमिर नेहाल, अनिल मस्करा, अनिल कुमार वर्मा, अर्जुन सरदार, आदित्य जायसवाल, रोहन श्रीवास्तव, अभिजीत कुमार, पुष्पम सिंह, शुभम सर्राफ, आदित्य रंजन, राजकिशन सहित अन्य लायंस सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।

विशेष एन.आई. एक्ट लोक अदालत एवं मध्यस्थता अभियान 3.0 के प्रचार हेतु 5 प्रचार रथ रवाना

बीएनएम @ मोतिहारी। विशेष एन.आई. एक्ट लोक अदालत, 21 नवंबर 2026 तथा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 के व्यापक प्रचार-प्रसार और सफल आयोजन के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी की ओर से पांच प्रचार रथ रवाना किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अभिषेक कुमार दास ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया। इस अवसर पर जिला न्यायमंडल के कई न्यायिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि इन प्रचार रथों के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष एन.आई. एक्ट लोक अदालत के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आम नागरिकों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा चेक बाउंस से संबंधित मामलों के पक्षकारों को लोक अदालत के महत्व एवं इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति, सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि प्रचार रथों के माध्यम से राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अभियान के तहत आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मध्यस्थता विवादों के समाधान का एक प्रभावी एवं सरल माध्यम है। इसके जरिए विवाद के दोनों पक्ष संवाद और आपसी सहमति के आधार पर अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं। इससे न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करने में मदद मिलती है, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी संबंध एवं सामाजिक सौहार्द भी बना रहता है। अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई कि वे 21 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली विशेष एन.आई. एक्ट लोक अदालत एवं राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा विवादों के समाधान के लिए सुलह, समझौता एवं मध्यस्थता जैसे वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं।



केसरिया के 160 कलाकारों को मिला सम्मान, अब 'ग्रामीण रामलीला' फिल्म में दिखेगी स्थानीय प्रतिभा

युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट, आदर्श जन सेवा संस्था और क्षेत्रीय कलाकारों के संयुक्त प्रयास से बनेगी 'ग्रामीण रामलीला' फिल्म

बीएनएम @ मोतिहारी



जिला के केसरिया नगर पंचायत स्थित सम्राट अशोक भवन सभागार में बुधवार को सामाजिक संस्था आदर्श जन सेवा की ओर से भव्य कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केसरिया प्रखंड के 160 स्थानीय कलाकारों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में कलाकारों के उत्साह, प्रतिभा और सांस्कृतिक योगदान की जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना, संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी, सचिव रामकुमार गिरी, मुखिया ज्योति सिंह, अशोक गुप्ता, सौरभ वर्मा, पप्पू गुप्ता, मोहम्मद शाहनवाज एवं विनोद तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की शुरुआत रिद्धि, सिद्धि और निधि द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत से हुई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजेश अस्थाना ने कहा कि कला किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध विरासत की संवाहक होती है। स्थानीय कलाकारों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत सिर्फ उन्हें उचित मंच, अवसर और सम्मान देने की है। यदि इन कलाकारों को सही दिशा और प्रोत्साहन मिले तो वे अपनी कला के माध्यम से न केवल क्षेत्र, बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा सामाजिक संस्था आदर्श जन सेवा और क्षेत्रीय कलाकारों के सहयोग से 'ग्रामीण रामलीला' नामक फिल्म का निर्माण किया जाएगा। इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों को अपनी अभिनय प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र की कला, संस्कृति और कलाकारों को व्यापक पहचान मिल सकेगी। संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी ने कहा कि कलाकारों का सम्मान करना उनकी प्रतिभा और कला के प्रति समाज की कृतज्ञता प्रकट करना है। ऐसे आयोजन स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ कलाकारों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान कलाकारों ने विभिन्न कला विधाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विविध कला विकास समिति एवं बौद्धी माई कला विकास समिति से जुड़े कलाकारों सहित केसरिया प्रखंड के कुल 160 कलाकारों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विविध कला विकास समिति के सचिव रंजन कुमार ने किया। समारोह में फिल्मी गायक पप्पू गुप्ता, कथक नृत्यांगना प्रिया प्रकाश, फिल्म निर्देशक सुजीत कुमार सिंह, विनोद तिवारी, नर्तक कृष्ण गुप्ता, मोहम्मद शाहनवाज, चंद्रिका, सुरेश गिरी, दिलीप गिरी, मोहम्मद आलम, राजमोहन प्रसाद, धर्मनाथ प्रसाद, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में कलाकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समारोह ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को यदि उचित मंच और सम्मान मिले तो स्थानीय कलाकार भी अपनी कला के दम पर नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं।

डीएम-एसपी ने छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा, घाटों को सुरक्षित व स्वच्छ बनाने के दिए निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार के साथ नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पानी टंकी वार्ड संख्या-39 एवं रोईन क्लब वार्ड संख्या-14 स्थित छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घाटों की समुचित साफ-सफाई, छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराने एवं आवश्यकतानुसार रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मोतीझील सहित शहर के अन्य प्रमुख छठ घाटों पर शीघ्र साफ-सफाई कराने, जमा कचरे को हटाने तथा घाटों का सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने पानी की गहराई को ध्यान में रखते हुए खतरनाक एवं गहरे स्थानों को चिह्नित कर वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने तथा लाल झंडे लगाने का निर्देश दिया, ताकि छठ व्रती एवं श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी में प्रवेश न करें और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके। जिला प्रशासन एवं मोतिहारी नगर निगम द्वारा छठ महापर्व के मद्देनजर शहर के सभी छोटे-बड़े घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि लोक आस्था का यह महापर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

दस महीने से वेतन को तरसीं एएनएम, सीएचसी में किया प्रदर्शन; त्योहार पर आर्थिक संकट

» दीपावली और छठ सिर पर, भुगतान को लेकर अधिकारियों के आश्वासन से संतुष्ट नहीं कर्मी; सिविल सर्जन और डीएम से लगाई गुहार

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरसिद्धि में 10 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज एएनएम कर्मियों का गुरुवार को आक्रोश फूट पड़ा। दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के ठीक पहले वेतन भुगतान नहीं होने से परेशान कर्मियों ने पीएचसी परिसर में प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। उन्होंने बकाया वेतन का जल्द भुगतान करने की मांग की।प्रदर्शन कर रहीं एएनएम कंचन कुमारी, अर्चना रंजन, प्रेमलता कुमारी और रूपम कुमारी ने बताया कि वे पिछले 10 महीनों से लगातार अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन अब तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। त्योहार नजदीक होने के बावजूद घर में जरूरी खरीदारी तक नहीं हो पा रही है। कर्मियों ने सवाल उठाया कि जब 10 महीने से वेतन ही नहीं मिला है तो वे दीपावली और छठ कैसे मनाएंगी? कर्मियों का कहना था कि लगातार काम लेने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलना उनके साथ अन्याय है। चिकित्सा प्रभारी से भी इस समस्या का ठोस समाधान नहीं मिलने पर उनका आक्रोश और बढ़ गया। बाद में उन्होंने सिविल सर्जन और जिलाधिकारी से मिल कर बकाया वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई। वहीं, चिकित्सा प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि एएनएम कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए मांग पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने बहुत जल्द बकाया वेतन भुगतान होने का आश्वासन दिया। हालांकि, त्योहार के मौके पर आर्थिक संकट से जूझ रहीं कर्मियों के लिए यह आश्वासन फिलहाल राहत की गारंटी नहीं बन सका है। प्रदर्शन में कशिश जायसवाल, ममता कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रिया कुमारी, गुड़िया भारती, गुंजन जायसवाल, रश्मि कुमारी, निभा कुमारी, श्वेता कुमारी, सिमरन कुमारी, पिंकी कुमारी, गुंजन कुमारी कुशवाहा, जुली कुमारी, प्रतिमा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, अमिता कुमारी, ममता यादव और सिद्धि कुमारी सहित अन्य एएनएम कर्मी शामिल थीं।

50 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद, 1,655 स्कूलों के खर्च का हिसाब भी नहीं

बीएनएम @ मोतिहारी

शिक्षा समिति की बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी से जवाब-तलब; उच्चस्तरीय जांच की चेतावनी



जिले की शिक्षा व्यवस्था और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही का मामला सामने आया है। जिले के करीब 50 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना बंद है, जबकि आम चुनाव के दौरान 1,655 विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई एक-एक लाख रुपये की राशि के खर्च का ब्योरा भी शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्तुत नहीं किया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन में इस तरह की अनियमितता और विभागीय उदासीनता पर शिक्षा समिति ने कड़ी नाराजगी जताई है। गुरुवार को जिला परिषद स्थित महात्मा गांधी सभा भवन में शिक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले की शैक्षणिक व्यवस्था, विभागीय योजनाओं की प्रगति, मध्याह्न भोजन योजना तथा विद्यालयों में संचालित विकास एवं असैनिक निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र मिश्र ने पूर्ववर्ती बैठकों में पारित प्रस्तावों के अनुपालन की स्थिति पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि समिति के निर्णयों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी बैठकों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। इतना ही नहीं, पारित प्रस्तावों पर ठोस कार्रवाई किए बिना भ्रामक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर समिति को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जाता है। इसे उन्होंने गंभीर मामला बताया। सहयोजित सदस्य ई. शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय ने भी विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा समिति की कई बैठकों में जनहित और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, लेकिन उनका अनुपालन नहीं हुआ। समीक्षा के लिए अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन भी उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने आशंका जताई कि विभागीय लापरवाही के कारण सरकारी राशि के दुरुपयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा के दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के करीब 50 विद्यालयों में योजना का संचालन नहीं हो रहा है। वहीं, एसएफसी की ओर से निर्धारित समय पर चावल की आपूर्ति नहीं किए जाने से भी योजना प्रभावित हो रही है। इस पर ई. शशि भूषण राय ने नाराजगी जताते हुए सभी विद्यालयों में नियमित रूप से मध्याह्न भोजन संचालित कराने और खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। ई. शशि भूषण राय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित योजनाओं की सूची, प्राक्कलन तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विस्तृत ब्योरा समिति के समक्ष उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने विद्यालयों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए कराए गए कार्यों का विवरण भी मांगा। इसके साथ ही आम चुनाव के दौरान जिले के 1,655 विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई एक-एक लाख रुपये की राशि के खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी सरकारी राशि के व्यय से संबंधित अभिलेख और प्रतिवेदन बैठक में उपलब्ध नहीं कराना गंभीर लापरवाही है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगे जाने पर उन्होंने दोनों मामलों से स्वयं को अलग बताया। उनके इस जवाब पर श्री राय ने कड़ी नाराजगी जताई। ई. शशि भूषण राय ने चेतावनी दी कि पूर्वी चंपारण जिले के विद्यालयों में संचालित असैनिक निर्माण एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई और वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का संतोषजनक ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया गया तो पूरे मामले से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को अवगत कराया जाएगा। साथ ही मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों में रंग-रोगन और अन्य जरूरी कार्यों के लिए हाल में उपलब्ध कराई गई राशि से मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री की ही खरीद की जाए। सभी खरीदारी जीएसटी युक्त वैध विपत्र के माध्यम से होनी चाहिए, ताकि सरकारी राशि के खर्च में पारदर्शिता बनी रहे और गुणवत्ता से समझौता न हो। बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर भी जोर दिया गया। ई. शशि भूषण राय ने कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी अधिक से अधिक अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा लाभ से वंचित नहीं रहे। इसके लिए विद्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उक्त बैठक में शिक्षा समिति की सदस्य सुमन वर्मा, मो. नशीम अख्तर, मनोज कुमार सहनी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (साक्षरता), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। बैठक में शिक्षा समिति के प्रस्तावों का प्रभावी अनुपालन, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, विद्यालयों में आधारभूत संरचना का विकास तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

छठ घाटों की सफाई में जुटा नगर निगम, महापौर व नगर आयुक्त कर रहे नियमित निरीक्षण

बीएनएम @ मोतिहारी



लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मोतिहारी नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्थित छठ घाटों की साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घाटों की सफाई के साथ-साथ कचरे का उठाव एवं उसका समुचित निस्तारण किया जा रहा है। घाटों के आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए छठ घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग भी कराई जा रही है। सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर महापौर प्रीति कुमारी एवं नगर आयुक्त आशीष कुमार लगातार विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे घाटों की साफ-सफाई, कचरा उठाव एवं निस्तारण सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्वच्छता पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी भी मौजूद रहते हैं। महापौर एवं नगर आयुक्त अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त करने तथा सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दे रहे हैं। नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि छठ महापर्व से पहले सभी घाटों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। नगर निगम प्रशासन ने छठ घाटों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। निगम प्रशासन ने कहा है कि यदि किसी वार्ड में छठ घाट की सफाई में संबंधित एजेंसी की ओर से लापरवाही बरती जाती है या सफाई कार्य में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, तो नागरिक इसकी शिकायत अपने स्थानीय निगम पार्षद अथवा नगर निगम कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को महापर्व के दौरान स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित घाट उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे पूरी श्रद्धा और सुविधापूर्वक छठ पूजा संपन्न कर सकें।

अनुमंडल व अंचल कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

बीएनएम @ मोतिहारी



जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को अरेराज अनुमंडल कार्यालय एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए आम जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन करने का स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय के सभी कक्षों का जायजा लिया तथा जनता दरबार में प्राप्त विभिन्न मामलों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अनुमंडल न्यायालय के कार्यों की समीक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों में धारा 163 के तहत की गई कार्रवाई और लंबित मामलों के निष्पादन की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित और नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नाव चालकों के भुगतान से जुड़ी लंबे समय से लंबित समस्या को काफी गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। विकास और पर्यटन योजनाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने अरेराज मंदिर परिसर के समीप पर्यटन विभाग द्वारा निर्माणाधीन गेस्ट हाउस के कार्यों का जायजा लिया और निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके साथ ही, उन्होंने केड़िया धर्मशाला के समीप निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज एवं प्रस्तावित नए गेस्ट हाउस के स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण स्थल पर बिजली की समस्या सामने आने पर उन्होंने तत्काल उसके समाधान की व्यवस्था कराई। जिलाधिकारी ने अरेराज क्षेत्र में हाल ही में अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी जमीनों की भी समीक्षा की। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि नियमानुसार पात्र लोगों के बीच इन जमीनों के बंदोबस्त की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज मिश्रा, अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी पवन कुमार झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित, अंचलाधिकारी विनोद पांडेय, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी पीयूष कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

रंगोली प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय जिहुली की छात्राओं ने मारी बाजी



बीएनएम @ पताही। प्रखंड क्षेत्र के जिहुली पंचायत स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च विद्यालय, जिहुली में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया तथा अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मक सोच और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे रंगों से सजी आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय कला-संस्कृति, परंपरा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से खूबसूरती से उकेरा। एक से बढ़कर एक मनमोहक रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों की कलात्मक अभिव्यक्ति, रंगों का संयोजन और रचनात्मक सोच देखते ही बन रही थी।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया।

प्रथम स्थान (कक्षा नौवीं): शिवानी, कोमल, दिव्यांशी, प्रियांशु एवं श्वेता।

द्वितीय स्थान (कक्षा दसवीं): मोना, अंजलि, सपना एवं रोशनी।

तृतीय स्थान (कक्षा नौवीं): नव्या, आरुषि, रूपम एवं खुशी।

उक्त प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं अपराजिता, नेहा रानी, सुनीता, नीता, काजल एवं नंदिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को आकर्षक एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यालय में इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना, उनमें सृजनात्मक सोच विकसित करना तथा आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता ने छात्राओं को अपनी कला और हुनर प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और रचनात्मकता का माहौल बना रहा।

विद्यालय के औचक निरीक्षण में डीएम ने जब्त की हाजिरी बही और मिड-डे मील समेत कई फाइलें



बीएनएम @ शिवहर। जिला पदाधिकारी प्रतिभा रानी ने गुरुवार को शिवहर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, सुगिया कटसरी जागीर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में कई अनियमितताएं सामने आईं। बच्चों ने अपनी समस्याओं और विद्यालय की स्थिति से जुड़ी बातें डीएम के सामने रखीं, जिसके बाद जिलाधिकारी ने शिक्षकों से जवाब-तलब किया। हालांकि, कई सवालों का संतोषजनक जवाब शिक्षक नहीं दे सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्वयं कक्षाओं में पहुंचकर शैक्षणिक व्यवस्था की जांच की और बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूछे। जिलाधिकारी ने विद्यालय की हाजिरी बही, मिड-डे मील से संबंधित अभिलेख समेत कई महत्वपूर्ण फाइलों को जब्त कर अपने साथ ले गईं। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। डीएम प्रतिभा रानी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय में मिली अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण के बाद विद्यालय के शिक्षकों और कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

सोशल मीडिया पर कट्टा लहराना पड़ा भारी, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर लोडेड कट्टा व जिंदा कारतूस किया बरामद

बीएनएम @ पकड़ीदयाल। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ मोतिहारी पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में पकड़ीदयाल थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक के घर पर छापेमारी की, जहां से एक लोडेड देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के एक युवक का देसी कट्टा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। वीडियो में हथियार का प्रदर्शन कर रहे युवक की पहचान रंजीत सहनी उर्फ राजेश सहनी, पिता मदन सहनी, निवासी थरबिटिया, थाना पकड़ीदयाल, जिला पूर्वी चम्पारण के रूप में की गई। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का सत्यापन किया। इसके बाद पकड़ीदयाल थाना पुलिस ने आरोपी के घर पर विधिवत छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर से एक लोडेड देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इस मामले में पकड़ीदयाल थाने में संबंधित धाराओं के तहत नया कांड दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि बरामद हथियार का इस्तेमाल किसी अन्य आपराधिक घटना में करने की योजना तो नहीं थी। मोतिहारी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने, भय का माहौल बनाने और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने ऐसे असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करना अब भारी पड़ सकता है।

सीएचसी की बदहाल व्यवस्था पर एसडीओ सख्त औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल

अस्पताल में गंदगी, टूटी छत और दवाओं की कमी मिली; मरीज बरामदे में बिस्तर पर सोने को मजबूर, व्यवस्था में सुधार के दिए कड़े निर्देश

बीएनएम @ पहाड़पुर

अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहाड़पुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में कई गंभीर खामियां सामने आईं। अस्पताल परिसर से लेकर विभिन्न कमरों तक साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। गंदगी के कारण मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन की स्थिति भी चिंताजनक पाई गई। कायाकल्प योजना के तहत भवन के जीर्णोद्धार और रंग-रोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा था। अस्पताल भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल की छत भी टूटी हुई मिली। इससे भवन की जर्जर स्थिति और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुई। अस्पताल के वार्डों में भी मरीजों के लिए समुचित व्यवस्था का अभाव दिखा। पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कई मरीज बरामदे में बिस्तर लगाकर सोने को मजबूर थे। निरीक्षण के दौरान मरीजों के ठहरने और बेहतर इलाज के लिए आवश्यक सुविधाओं की कमी भी सामने आई। वहीं, दवा वितरण काउंटर पर भी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता काफी कम पाई गई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों के पर्चे पर लिखी गई कई महत्वपूर्ण दवाएं



अस्पताल के भंडार में उपलब्ध नहीं थीं। इससे मरीजों को सरकारी अस्पताल में ही पूरी दवा मिलने की सुविधा प्रभावित होती नजर आई। निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल की व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कायाकल्प योजना के तहत भवन की मरम्मत एवं रंग-रोगन का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराने को कहा। दवा काउंटर पर आवश्यक दवाओं की कमी दूर करने के लिए जिला मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर सभी जरूरी दवाएं अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बरामदे में रह रहे मरीजों को तत्काल सुरक्षित एवं व्यवस्थित वार्डों में स्थानांतरित करने तथा सभी मरीजों को सरकारी सुविधाओं के साथ समुचित इलाज उपलब्ध कराने को कहा गया। एसडीओ ने चिकित्सकों, एएनएम एवं जीएनएम का रोस्टर निर्धारित कर उसके अनुसार ड्यूटी सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर एवं सभी वार्डों में प्रतिदिन शत-प्रतिशत साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अस्पताल की सभी कमियों को अविलंब दूर कर मरीजों को स्वच्छ वातावरण, आवश्यक दवाएं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

अपहरण व पॉक्सो मामले के दो अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, बोलेरो जब्त



बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि

थाना क्षेत्र में अपहरण और पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में दर्ज मामले में पुलिस ने दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के धनखरैया गांव निवासी हरिओम कुमार, पिता मदन प्रसाद और सुगौली थाना क्षेत्र के बड़ा बौधा निवासी दानिश खान उर्फ फैयाज आलम, पिता अमरुद्दीन मियां के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि हरसिद्धि थाना कांड संख्या 534/26, दिनांक 1 नवंबर 2026 में दोनों आरोपित अप्राथमिकी अभियुक्त बनाए गए थे। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 96, 352, 126(2), 127(2), 303(2), 115(2), 351(2), 318(4), 3(5) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8/12 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त बोलेरो भी जब्त की गई है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

साईं बाबा और आनंदधाम मंदिर चोरी कांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

» मिस्कॉट के साईं मंदिर और बेलिसराय के आनंदधाम मंदिर में चोरी की वारदात में थे शामिल, चांदी की छतरी और 300 ग्राम आभूषण बरामद; यूपी के बलिया और गाजीपुर में भी चोरी व लूट की घटनाओं में संलिप्तता

बीएनएम @ मोतिहारी

नगर थाना क्षेत्र के मिस्कॉट स्थित साईं बाबा मंदिर और बेलिसराय स्थित आनंदधाम मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई चांदी की छतरी और करीब 300 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामदगी आदापुर थाना क्षेत्र के करेया नदी और पसहां नदी से की गई है। एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार ने बताया कि 21 अक्टूबर 2026 को मिस्कॉट स्थित साईं बाबा



मंदिर से अज्ञात अपराधियों ने मुकुट और छतरी चोरी कर ली थी। मामले में नगर थाना कांड संख्या 1023/26 दर्ज कर उनके नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर और बलिया जिले में मंदिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के साथ नगर थाना क्षेत्र के बेलिसराय स्थित आनंदधाम मंदिर में चोरी की वारदात में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की गई चांदी की छतरी और करीब 300 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आदापुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बाजार निवासी दिनेश कुमार, लखौरा थाना क्षेत्र के इनरवा फुलवार निवासी बब्लू कुमार, घोड़ासहन थाना क्षेत्र के छोटका बंगरी निवासी श्यामसुंदर कुमार और आदापुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया खुर्द निवासी सुभाष महतो के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। इनके विरुद्ध नगर थाना कांड संख्या 522/26 में चोरी, बलिया के रसड़ा थाना कांड संख्या 359/26 में लूट और गाजीपुर के कासिमाबाद थाना कांड संख्या 390/26 में चोरी का मामला दर्ज है। वहीं, श्यामसुंदर कुमार के विरुद्ध घोड़ासहन थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार, नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक केवी हनुमंत, प्रमोद कुमार, जिला आसूचना इकाई मोतिहारी एवं बलिया की टीम तथा नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

समाज में नागरिक बोध होना अत्यंत जरूरी : प्रो. संजय श्रीवास्तव

बीएनएम @ मोतिहारी



महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक-2026' एवं 'गंगा उत्सव-2026' के अवसर पर 'मिशन लाइफ एवं जल-पर्यावरण संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका संयुक्त आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ठ, प्राणी विज्ञान विभाग, गंगा उत्सव समिति एवं वन प्रमंडल, मोतिहारी के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। स्वागत भाषण में छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. आर्त्तातारण पाल ने जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन के लिए सामूहिक प्रयास एवं जन-जागरूकता को आवश्यक बताया। वहीं, अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज में नागरिक बोध विकसित करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम अपने घरों और कार्यालयों को स्वच्छ रखते हैं, लेकिन नदियों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों को प्रदूषित करने से नहीं हिचकते। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जिला वन पदाधिकारी अमित कुमार ने गंगा उत्सव की पृष्ठभूमि एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गंगा नदी के संरक्षण, जलीय जैव विविधता पर मंडराते खतरों और उनके समाधान की जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. गोपाल शर्मा, निदेशक, राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र, पटना ने मिशन लाइफ एवं सतत विकास के उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होंने गंगा डॉल्फिन की जैविकी, पारिस्थितिक महत्ता और संरक्षण के उपायों के साथ घड़ियाल एवं गंगा ऊदबिलाव सहित अन्य जलीय जीवों के संरक्षण पर भी विचार रखे। प्रो. सत्येंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष, प्राणी विज्ञान विभाग, एस.एन.एस. कॉलेज, हाजीपुर ने बिहार के आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र पर चर्चा करते हुए बरेला वेटलैंड सहित विभिन्न आर्द्रभूमियों के समक्ष मौजूद चुनौतियों और उनके संरक्षण की आवश्यकता बताई। वहीं, पटना विश्वविद्यालय के प्रो. गजेंद्र कुमार आजाद ने पर्यावरण विज्ञान में आणविक जीव विज्ञान के अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया। उन्होंने ई-डीएनए एवं मेटाजेनोमिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों को जैव विविधता के अध्ययन और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा रानी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ. कुंदन किशोर रजक ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। संगोष्ठी में डॉ. अमित रंजन, डॉ. बुद्धि प्रकाश जैन, डॉ. श्याम बाबू प्रसाद, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. अमिताभ ज्ञान रंजन सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देना, गंगा एवं उसकी सहायक नदियों का संरक्षण, आर्द्रभूमियों की सुरक्षा और जलीय जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

एच.एन.पी. इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल में छठ पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



बीएनएम @ मोतिहारी

एच.एन.पी. इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. रवि अभिषेक ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक छठ गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, सीनियर वर्ग के छात्रों ने छठ पूजा के चार दिवसीय अनुष्ठान और उसके सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. रवि अभिषेक ने कहा कि छठ पूजा प्रकृति के प्रति आभार, स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला महापर्व है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच छठ का प्रसाद ठेकुआ वितरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

श्री गणेश महावीर विद्यालय में 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ रामगढ़वा



श्री गणेश महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'युवा संवाद : लोकतंत्र बनाम अराजकता' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। वहीं बेतिया के सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं सुगौली विधायक बबलू गुप्ता ने कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र अनुशासन है। बिहार में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आज भारतीय अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को अराजकता से दूर रहने तथा अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। वहीं, विधायक बबलू गुप्ता ने कहा कि हमारा नेतृत्व मजबूत हाथों में है। इसी कारण विपरीत परिस्थितियों में भी हम कमजोर नहीं पड़ते हैं। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जेन-जी पीढ़ी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अतिथियों के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र तिवारी, बीईओ ब्रजेश कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि विशाल कुमार, उप प्रमुख अरविंद पांडे, भाजपा नेता प्रदीप सर्राफ, विजय गुप्ता, रवि यादव, दिलीप गुप्ता, शिक्षक मो. सद्दाम तथा भाजपा रक्सौल संगठन जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, बिना एनओसी नहीं होगा निर्माण कार्य

बीएनएम @ मोतिहारी

शहर में बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क, नाला, बिजली, पेयजल और दूरसंचार से जुड़ी संरचनाओं को नुकसान न पहुंचे तथा किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नहीं रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्ट किया गया है कि संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य नहीं किया जाए। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर गुरुवार को नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में नगर आयुक्त आशीष कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की ओर से पूर्वी चंपारण जिले के नगर क्षेत्र में बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन की सुरक्षा और निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ, पथ निर्माण विभाग, बुडको, पीएचईडी एवं विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, बीएसएनएल के जिला प्रबंधक, जियो के सेंटर मैनेजर तथा एयरटेल और वोडाफोन के जोनल सर्विस मैनेजर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

1.2 मीटर जमीन के नीचे बिछाई जा रही पाइपलाइन- बैठक में बीपीसीएल के पदाधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नगर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। बताया कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार गैस पाइपलाइन जमीन की सतह से 1.2 मीटर नीचे बिछाई जा रही है। पाइपलाइन वाले स्थानों की पहचान के लिए मार्किंग पिलर लगाए जा रहे हैं। इन पिलरों पर टोल फ्री नंबर 1800-224-344 और आपातकालीन नंबर 7294 899 224 भी अंकित किया जा रहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोग तत्काल संपर्क कर सकें। वहीं, नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी मोहल्ले में पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू करने से पहले स्थानीय लोगों और संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दी जाए। इसके लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों के नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर के साथ एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाने को कहा गया। निर्माण स्थल, कार्य की प्रगति और संबंधित तस्वीरें इस ग्रुप में साझा करनी होंगी, ताकि सभी विभागों को इसकी जानकारी रहे। नगर आयुक्त ने नगर निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया कि शहर में कहीं भी नाली अथवा अन्य निर्माण कार्य कराने से पहले यह पता कर लें कि संबंधित स्थल पर गैस पाइपलाइन बिछाई गई है या नहीं। निर्माण के दौरान जमीन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना जरूरी है, ताकि किसी प्रकार की क्षति अथवा दुर्घटना न हो। यदि कार्यस्थल पर अतिक्रमण की स्थिति सामने आती है तो इसकी सूचना एसडीओ, अंचल अधिकारी और संबंधित थाने को देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गैस पाइपलाइन से जुड़ा मामला अत्यंत संवेदनशील है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर काम करें। पाइपलाइन से संबंधित किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाए और शिकायत के निष्पादन में लगने वाले समय का विशेष ध्यान रखा जाए।

दीपावली पर पीएनजी उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की सलाह- दीपावली को देखते हुए पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए विशेष सुरक्षा एडवाइजरी भी जारी की गई। लोगों से अपील की गई कि गैस पाइपलाइन और वाल्व चेंबर के आसपास पटाखे न जलाएं और न ही दीये रखें। रसोईघर में गैस पाइपलाइन एवं मीटर के पास मोमबत्ती या दीया जलाने से बचें। गैस की गंध आने पर बिजली के किसी भी स्विच को चालू या बंद नहीं करें। सजावटी बिजली की झालरों को गैस पाइपलाइन के संपर्क में न आने दें। पाइपलाइन और गैस उपकरणों का किसी अन्य कार्य के लिए सहारे के रूप में इस्तेमाल नहीं करें। बच्चों को गैस पाइपलाइन, मीटर और उपकरणों से दूर रखें। गैस का उपयोग करते समय रसोईघर में उचित वेंटिलेशन बनाए रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखें। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित आपातकालीन नंबर पर दें।

बचाव में खड़ा होना अजीबोगरीब

दवाओं की अधिक कीमत वसूलने के मामले में केंद्र का प्राइवेट अस्पतालों के बचाव में खड़ा होना अजीबोगरीब है। केंद्र ने कहा कि अस्पतालों पर खर्च का बड़ा बोझ है, इसलिए वे अधिक दाम वसूलते हैं। दवाओं की एमआरपी से कई गुना ज्यादा कीमत वसूलने के निजी अस्पतालों में जारी चलन को सुप्रीम कोर्ट ने 'डकैतीÓ बताया। कहा- 'सरकार इसे चलने दे रही है। सब कुछ सरकार की आंखों के सामने घट रहा है।Ó न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की बेंच ने यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी भी कि ऐसा लगता है, राष्ट्रीय औषधि मूल्य-निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। एनपीपीए पर ही जरूरी औषधियों के मूल्य निर्धारण की जिम्मेदारी है। यह दूसरा मौका है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर सख्त बातें कही हैं। इस बार की सुनवाई में फिर यह उदाहरण सामने आया कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने की एक दवा, जिसकी एमआरपी तकरीबन 11 हजार रुपये है, उसके लिए एक निजी अस्पताल ने एक लाख 30 हजार रुपये का बिल मरीज को थमाया। ऐसे में न्यायालय के इस सवाल के औचित्य को आसानी से समझा जा सकता है कि 'क्या यह सब बेलगाम चलने दिया जाना चाहिए?Ó केंद्र का प्राइवेट अस्पतालों के बचाव में खड़ा होना इस मामले का एक और आंख खोल देने वाला पहलू है। केंद्र ने दलील दी कि अस्पतालों के ऊपर खर्च का बड़ा बोझ है, इसलिए वे दवाओं की अधिक कीमत वसूलते हैं। अतिरिक्त सोलिसीटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने यह भी कहा कि केंद्र की नीति चिकित्सा के सारे इकॉ-सिस्टम (परिदृश्य) को नियंत्रित ना करने की है। निजी अस्पतालों के इस सरासर अनुचित व्यवहार के पक्ष में सरकार ने यह तर्क भी दिया कि 'भारत में दवाओं की कीमत दुनिया में सबसे कम है।Ó जजों ने उचित ही इसका यह प्रतिवाद किया कि भारत की प्रति व्यक्ति आय भी दुनिया में ज्यादातर देशों से कम है। बहरहाल, केंद्र से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि वह मरीजों और आम जन की नुमाइंदगी करता है, या बड़ी पूंजी वाले समूहों की, अथवा वह विभिन्न वर्गों के हितों के बीच तालमेल बनाना अपनी जिम्मेदारी समझता है? उसने कोर्ट में जो दलीलें दी, उससे यह नहीं लगता कि आम जन के हितों की उसे कोई परवाह है। इसीलिए इस मुद्दे पर व्यापक सार्वजनिक चर्चा की जरूरत है।

इस धनतेरस स्वास्थ्य में निवेश परिवार की सबसे बड़ी समृद्धि

श्री प्रतापराव जाधव

धनतेरस पर सोने-चांदी से आगे बढ़कर स्वास्थ्य में निवेश करें

शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यं धनसंपदा।

संस्कृत की प्रार्थना के ये परिचित शब्द हमारी परंपराओं में स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के गहरे संबंध को बड़ी सुंदरता से व्यक्त करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि सच्ची समृद्धि केवल भौतिक संपत्ति से नहीं, बल्कि हमारे अपनों के स्वास्थ्य और खुशहाली से भी मापी जाती है। हर वर्ष धनतेरस के आते ही हमारे घरों में दीपावली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। घरों की साफ-सफाई और सजावट होती है, बाजारों में उत्सव का उल्लास दिखाई देता है और लोग समृद्धि के प्रतीक के रूप में नई वस्तुएं खरीदते हैं। इन उत्सवों के बीच मेरे मन में अक्सर एक सरल-सा प्रश्न उठता है कि जब हम अपने परिवार के समृद्ध भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए इतनी तैयारियां करते हैं, तो उनके स्वास्थ्य की रक्षा पर कितना ध्यान देते हैं?

हम भविष्य के लिए बचत करते हैं, अपनी संपत्ति का बीमा कराते हैं और आर्थिक निवेश की योजनाएं बनाते हैं। लेकिन जिन आदतों पर हमारे आने वाले वर्षों का स्वास्थ्य निर्भर करता है, उन पर अक्सर सबसे कम ध्यान दिया जाता है। समय पर भोजन न करना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है, पर्याप्त नींद न लेना व्यस्त जीवन की पहचान समझी जाने लगती है और स्वास्थ्य जांच तब तक टाल दी जाती है, जब तक कोई परेशानी गंभीर रूप नहीं ले लेती। धनतेरस हमें अपनी इन प्राथमिकताओं पर फिर से विचार करने का अवसर देता है। धनतेरस का आयुर्वेद के साथ विशेष संबंध है। यह पर्व भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य से जुड़ा है, जिन्हें देवताओं के वैद्य और आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक के रूप में पूजा जाता है। समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर उनका प्रकट होना स्वास्थ्य और दीर्घायु की मानवता की चिरकालिक आकांक्षा का प्रतीक है। यही संबंध धनतेरस को सोने, चांदी या घरेलू वस्तुओं की खरीदारी से कहीं अधिक व्यापक अर्थ प्रदान करता है। यह हमें याद दिलाता है कि समृद्धि का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे पास उसे अनुभव करने और अपने प्रियजनों के साथ साझा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो। आयुष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दोनों मंत्रालयों की जिम्मेदारी निभाते हुए मैं अपने दैनिक जीवन में इस संदेश के महत्व को भली-भांति समझता हूं। स्वास्थ्य को लेकर हमारी बातचीत अक्सर तब शुरू होती है, जब बीमारी हमारे जीवन में दस्तक दे चुकी होती है। हम अस्पतालों, दवाओं और उपचार की चर्चा करते हैं, जो निस्संदेह आवश्यक हैं। लेकिन एक उतनी ही महत्वपूर्ण बातचीत इससे बहुत पहले शुरू होनी चाहिए, हमारे घरों, रसोईघरों, कार्यस्थलों और रोजमर्रा की दिनचर्या में। क्या हम उपचार को जितना महत्व देते हैं, उतना ही महत्व बीमारियों की रोकथाम को भी दे सकते हैं?

यही प्रश्न आयुर्वेद की स्वास्थ्य संबंधी सोच के मूल में है। आयुर्वेद का सिद्धांत 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्Ó, अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना, आज की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। यह हमें बताता है कि हमारा स्वास्थ्य इस बात से प्रभावित होता है कि हम क्या खाते हैं, कितनी नींद लेते हैं, कितने शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं और अपनी देखभाल कितनी नियमितता से करते हैं। आज जब गैर-संचारी रोग, निष्क्रिय जीवनशैली और तनाव स्वास्थ्य संबंधी बड़ी चुनौतियों के रूप में सामने आ रहे हैं, तब निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक ध्यान देना आवश्यक हो गया है। उदाहरण के लिए, परिवार के साथ किया जाने वाला एक साधारण भोजन भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर हो सकता है। इसके माध्यम से हम बच्चों में पौष्टिक भोजन की आदत विकसित कर सकते हैं और परिवार के बुजुर्गों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रख सकते हैं। इसी प्रकार प्रतिदिन टहलना, नियमित योगाभ्यास करना या सोने और जागने का समय निश्चित रखना भले ही छोटे प्रयास लगें, लेकिन लंबे समय तक इनका पालन करने से स्वास्थ्य में सार्थक बदलाव आ सकता है। निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक शक्ति अक्सर ऐसे ही सरल और रोजमर्रा के निर्णयों में निहित होती है। भारत की आयुष चिकित्सा पद्धतियां स्वास्थ्य संरक्षण और समग्र कल्याण की इस संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, वैज्ञानिक अनुसंधान, गुणवत्ता मानकों और प्रमाण-आधारित चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना भी आवश्यक है, ताकि भारत का पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं में जिम्मेदारी और प्रभावी ढंग से योगदान दे सके। हालांकि, परिवारों और समुदायों की सक्रिय भागीदारी के बिना कोई भी स्वास्थ्य पहल पूरी तरह सफल नहीं हो सकती। एक स्वस्थ भारत का निर्माण केवल संस्थानों और स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रोजमर्रा की आदतों और निर्णयों में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। जब भारत वर्ष 2047 में अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब विकसित भारत की हमारी परिकल्पना में ऐसे नागरिक भी होने चाहिए, जो अधिक स्वस्थ, जागरूक और रोकी जा सकने वाली बीमारियों से स्वयं को सुरक्षित रखने में सक्षम हों। यहीं धनतेरस की भावना हमें एक सार्थक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकती है। हम इस पर्व को अपने घर में कुछ नया लाने से जोड़कर देखते हैं। तो क्यों न इस वर्ष हम अपने घर एक नई अच्छी आदत भी लेकर आएं? यह आदत सोच-समझकर पौष्टिक भोजन करने की हो सकती है, नियमित योगाभ्यास की हो सकती है, पर्याप्त नींद लेने की हो सकती है या परिवार के किसी सदस्य को लंबे समय से टल रही स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित करने की हो सकती है। इस शुभ अवसर पर मैं प्रत्येक नागरिक से अपील करता हूं कि वह निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का व्यक्तिगत संकल्प ले। आइए, हम अपनी दिनचर्या में कम से कम एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत करें और परिवार के किसी एक अन्य सदस्य को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। अपने बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें, आवश्यकता पडऩे पर समय से चिकित्सकीय सलाह लें और स्वस्थ जीवनशैली को पूरे परिवार की साझा जिम्मेदारी बनाएं। इस धनतेरस जब हम अपने घरों में दीपक जलाएं, तो उसकी रोशनी हमें अपने और अपने प्रियजनों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी स्मरण कराए। हम जो आभूषण खरीदते हैं, वे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को विरासत में मिल सकते हैं, लेकिन जो अच्छी स्वास्थ्य संबंधी आदतें हम अपने परिवार में विकसित करते हैं, वे भी आने वाली पीढिय़ों के लिए उतनी ही मूल्यवान विरासत बन सकती हैं। इस धनतेरस आइए, हम अपने घर केवल समृद्धि के प्रतीक ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की नई आदतें भी लेकर आएं। अपने प्रियजनों की देखभाल करें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और निवारक स्वास्थ्य को अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनाएं।

(लेखक केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं।)

दीवाली से पहले बजी महिलाओं के मोबाइल में खुशी की घंटी

धनंजय राठौर

महतारी वंदन योजना की 33 वीं किस्त जारी, महिलाओं में उत्साह का माहौल

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने की दिशा में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की माताओं-बहनों को दीवाली के पहले एक बड़ी सौगात मिली है। राज्योत्सव के समापन समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त जारी की। इसके अंतर्गत प्रदेश की 67 लाख 40 हजार 410 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कुल 632 करोड़ 63 लाख 67 हजार 750 रुपये की राशि अंतरित की गई।

67 लाख 33 हजार 502 महिला हितग्राहियों को लाभः

दीवाली से पहले महतारी वंदन योजना की 33 वीं किस्त जारी होने से महिलाओं और उनके परिवार में उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़ शासन की इस निरंतर वित्तीय सहायता से प्रदेश की महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं। ई-केवाईसी पूर्ण करा चुकीं 67 लाख 33 हजार 502 महिला हितग्राहियों को लाभ मिला। इसके साथ ही नियद नेल्ला नार कैंप क्षेत्रों की 6,908 महिलाओं को भी योजना की 33वीं किस्त प्रदान की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करना, परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में उनकी सहभागिता बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनाना है।



महतारी वंदन योजना की 33 वीं किस्त पात्र महिलाओं के बैंक खाते में अंतरितः ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की विवाहित महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के अंतर्गत 67 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए अंतरित किए जाते हैं। अब तक योजना की 33वीं किस्त के माध्यम से पात्र महिलाओं के बैंक खाते में 21 हजार 350.50 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से महिलाएं न केवल परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हुई हैं, बल्कि खास अवसरों और त्योहारों को भी धूमधाम से मनाने में भी सक्षम हुई हैं।

महिलाओं के आर्थिक रूप से सक्षम होने पर व्यापारियों को भी लाभ हुआ है। महतारी वंदन योजना के शुरू होने से बाजारों में रौनक बढ़ी है। करवाचौथ से शुरू हुआ महिलाओं के द्वारा खरीदारी का दौर निरंतर जारी है। महिलाओं के आर्थिक रूप से सक्षम होने से परिवार के मुखिया पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। इस कारण महिलाएं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का प्रति आभार व्यक्त कर रही हैं। जब शासन की सहायता सही व्यक्ति तक पहुंचती है, तो वह केवल आर्थिक सहयोग नहीं रहती, बल्कि वह किसी महिला के लिए आत्मविश्वास बनती है, किसी परिवार के लिए उम्मीद, किसी बेटी के लिए सुरक्षित भविष्य और किसी बच्चे के लिए स्वस्थ जीवन की शुरुआत होती है। लेखक संयुक्त संचालक, जनसंपर्क रायपुर हैं।

त्योहारों के बीच सियासी टकरावः व्यापारी क्यों बन रहे हैं आंदोलन के मोहरे?

सौरभ वार्ष्णेय

देश में त्योहारों का मौसम बाजारों में रौनक, कारोबार में तेजी और आम लोगों के चेहरों पर खुशियां लेकर आता है। दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान व्यापारी वर्ग पूरे साल की कमाई के एक बड़े हिस्से की उम्मीद करता है। दुकानदारों से लेकर छोटे कारोबारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और कर्मचारियों तक, लाखों लोगों की आजीविका इन दिनों के कारोबार पर निर्भर रहती है। ऐसे समय में यदि राजनीतिक आंदोलन, चुनावी रैलियां और विरोध-प्रदर्शन बाजारों तथा व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगें, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है कि आखिर इस टकराव की कीमत व्यापारी वर्ग ही क्यों चुकाए? एक नवंबर को प्रस्तावित चुनावी रैली और राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे राजनीतिक विरोध के बीच व्यापारिक संगठनों की ओर से त्योहारों के मद्देनजर उठाई जा रही मांगों ने राजनीतिक और सामाजिक बहस को नई दिशा दे दी है। एक तरफ विपक्ष चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और चुनाव आयोग की जवाबदेही का सवाल उठा रहा है, तो दूसरी तरफ व्यापारी वर्ग चाहता है कि त्योहारों के समय उसका कारोबार बाधित न हो। इस परिस्थिति में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या राजनीतिक दलों को अपने आंदोलन की रणनीति तय करते समय आम नागरिकों और व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए? लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना विपक्ष का अधिकार है। सरकार से सवाल पूछना, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करना और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवाज उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा है। यदि विपक्ष को चुनाव आयोग के कामकाज पर आपत्ति है, तो उसे तथ्य, दस्तावेज और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। लेकिन किसी भी आंदोलन की सफलता केवल भीड़ जुटाने या राजनीतिक संदेश देने से नहीं मापी जानी चाहिए। यह भी देखना आवश्यक है कि उस आंदोलन का आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। त्योहारों के दौरान बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही, माल की आपूर्ति, यातायात और दुकानों के संचालन में व्यवधान छोटे व्यापारियों के लिए गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। बड़े कारोबारी कुछ समय का नुकसान सहन कर सकते हैं, लेकिन छोटे दुकानदार, दैनिक आय पर निर्भर विक्रेता और सीमित पूंजी से कारोबार करने वाले व्यापारी हर दिन की कमाई पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में व्यापारिक संगठनों की मांग को केवल राजनीतिक विरोध के चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि आंदोलन को लेकर राजनीतिक गतिरोध बढ़ रहा है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को संवाद का रास्ता तलाशना चाहिए। हालांकि, यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त प्रमाण आवश्यक हैं कि सरकार ने जानबूझकर ऐसा राजनीतिक पेच खड़ा किया है, जिससे आंदोलन समाप्त हो जाए या विपक्ष दबाव में आ जाए। राजनीति में आरोप प्रत्यारोप आम हैं, लेकिन लोकतंत्र में किसी भी आरोप की विश्वसनीयता तथ्यों से तय होती है। सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष की शिकायतों का जवाब दे, चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठने वाली आशंकाओं को दूर करे और यह सुनिश्चित करे कि किसी भी राजनीतिक गतिविधि के कारण आम नागरिकों के अधिकारों तथा आजीविका पर अनावश्यक असर न पड़े। इसी तरह विपक्ष को भी यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसका आंदोलन किन ठोस मांगों पर आधारित है, उसकी समय-सीमा क्या है और आम लोगों को कम से कम परेशानी पहुंचाते हुए उसे कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। चुनाव आयोग के शीर्ष पदाधिकारी की जवाबदेही तय होनी चाहिए और उनकी मांग पूरी होने पर आंदोलन समाप्त हो सकता है, राजनीतिक बहस का महत्वपूर्ण विषय है। यदि विपक्ष का दावा है कि चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं, तो उसे अपने आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण प्रस्तुत करने चाहिए। वहीं, चुनाव आयोग को भी अपनी संवैधानिक स्वतंत्रता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखना चाहिए। लेकिन किसी संवैधानिक पदाधिकारी का इस्तीफा मांगना और उसे तत्काल स्वीकार कराना दो अलग अलग बातें हैं। चुनाव आयोग के प्रमुख का पद किसी राजनीतिक दल की इच्छा से संचालित नहीं हो सकता। उनकी नियुक्ति, कार्यकाल और पद से हटाने की प्रक्रिया कानून तथा संविधान के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित होती है। इसलिए यह कहना कि केवल इस्तीफा होते ही तीस सेकंड में आंदोलन समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक वक्तव्य तो हो सकता है, लेकिन इसे समस्या के समाधान की गारंटी नहीं माना जा सकता। यदि वास्तविक उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में विश्वास बहाल करना है, तो समाधान पारदर्शी जांच, तथ्यों के सार्वजनिक स्पष्टीकरण और संवैधानिक प्रक्रियाओं के पालन में तलाशना होगा। केवल इस्तीफे की मांग पर अड़े रहना या बिना जवाब दिए मांग को खारिज कर देना, दोनों ही स्थितियां राजनीतिक गतिरोध को बढ़ा सकती हैं। व्यापारी किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं हैं। वे देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। बाजारों में काम करने वाले लाखों लोगों के सामने किराया, बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन, माल की खरीद और बैंक की किस्तों जैसी जिम्मेदारियां होती हैं। त्योहारों के समय बिक्री प्रभावित होने का नुकसान केवल दुकान के मालिक को नहीं, बल्कि उससे जुड़े पूरे परिवार और कर्मचारियों को भी उठाना पड़ता है।इसलिए व्यापारिक संगठनों की मांगों को गंभीरता से सुनना सरकार और विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी है। यदि रैली या आंदोलन के लिए स्थान, समय और मार्ग में बदलाव करके व्यापारिक गतिविधियों को सुरक्षित रखा जा सकता है, तो ऐसा करने में किसी पक्ष को राजनीतिक हार नहीं माननी चाहिए।सरकार को कानून-व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का संतुलन बनाए रखना चाहिए। विपक्ष को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार इस्तेमाल करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि उसकी रणनीति से आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। प्रशासन को भी निष्पक्ष भूमिका निभाते हुए यातायात, सुरक्षा और बाजारों के संचालन के लिए स्पष्ट व्यवस्था करनी चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल व्यापारियों को अपने पक्ष में खड़ा करने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करें। व्यापारिक संगठनों को भी अपनी मांगें स्पष्ट रूप से सामने रखनी चाहिए और राजनीतिक विवादों में किसी एक पक्ष का औजार बनने से बचना चाहिए। एक नवंबर की रैली और आंदोलन को लेकर यदि कोई विवाद है, तो संबंधित पक्षों के बीच तत्काल बातचीत होनी चाहिए।



आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई गई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। आज आपके स्वभाव में संयम और धैर्य बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे।

वृष राशिः आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकलकर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोल भाव पर आज आपको लाभ होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लग सकता है। बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें। साथ ही अपने काम में दूसरों की मदद भी लें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप नए इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं।

कर्क राशिः अपनी सोच को सकारात्मक रखें और नकारात्मक चीजों को अपने ऊपर हावी न होने दें। आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, लेकिन आपको अच्छे ऑप्शन देखकर ही कदम आगे बढ़ाना चाहिए। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रूठे हुए साथी को मनाने के लिए उन्हें मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं।

सिंह राशिः बिजनेस में परिवार से कुछ सहयोग मिल सकता है। वर्कप्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें, आपके लिए अच्छा होगा। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सुलझ भी जाएगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा। अपने खर्चों को कंट्रोल करें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है।

कन्या राशिः आज का दिन व्यापारिक दृष्टि से फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। आज नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर बनाए रखेंगे। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग लाएंगी। आज आप खुले मन से बात करेंगे।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में नया बदलाव हो सकता है। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखेंगे। किसी भी बात के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। संगीत से जुड़े लोगों को आज जॉब के अच्छे ऑफर आ सकते हैं।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ के योग बन रहे हैं। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सामने अधिक देर तक ठहर नहीं पाएंगे। आज अचानक से आपके किसी पुराने मित्र का फोन आ सकता है।

धनु राशिः आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी। आपके काम सफल होंगे। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज कार्य स्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ कर सकते हैं। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन से आपको भविष्य में लाभ मिल सकता है। आपके अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बातचीत हो सकती है। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहेगा। आज कार्यों में तरक्की बनी रहेगी। साथ ही आप मांगलिक कार्य भी कर सकते हैं। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाकर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुत्फ उठा सकते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

विराट के 38वें जन्मदिन पर बीसीसीआई ने दी बधाई, रैना बोले- किंग हमेशा किंग ही रहता है

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज गुरुवार को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। वर्ष 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली आज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार हैं। अपनी दमदार बल्लेबाजी, जबरदस्त फिटनेस और मैदान पर कभी हार न मानने वाले जज्बे के दम पर उन्होंने क्रिकेट जगत में अलग पहचान बनाई है। विराट कोहली फिलहाल भारतीय टीम के साथ ऑकलैंड में हैं। जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार 74 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। 38 वर्ष की उम्र में भी कोहली का जुनून और रनों की भूख बरकरार है। वह दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। कोहली के जन्मदिन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय क्रिकेट जगत के पूर्व खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खास अंदाज में उन्हें बधाई दी। बोर्ड ने लिखा, "566 अंतरराष्ट्रीय मैच और गिनती जारी है, 28,601 अंतरराष्ट्रीय रन और गिनती जारी है, 86 अंतरराष्ट्रीय शतक और गिनती जारी है। आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2011, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और 2025 तथा आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के विजेता। इस खेल को गौरवान्वित करने वाले सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक विराट कोहली को जन्मदिन की बधाई।" पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "जन्मदिन मुबारक हो, किंग कोहली। शानदार कवर ड्राइव से लेकर यादगार रन चेज तक आपने क्रिकेट प्रशंसकों को अनगिनत यादें और भावनाएं दी हैं। आपका जुनून, लड़ने का जज्बा और जीतने की भूख आपको वाकई खास बनाती है। आपको बल्लेबाजी करते देखने का अनुभव हमेशा शानदार रहा है। ऐसे ही प्रेरित करते रहें, जीतते रहें और भारत को गौरवान्वित करते रहें। जो एक बार किंग है, वह हमेशा किंग ही रहता है।" पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कोहली को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, "जन्मदिन मुबारक हो, विराट कोहली। खेल के प्रति आपका जुनून, लगन और प्यार लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है। आने वाला साल आपके लिए शानदार रहे, भाई।" पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज और कोहली के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व साथी दिनेश कार्तिक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, "हर साल वही जोश। 38 की उम्र में इतने फिट पहले कभी नहीं दिखे। जन्मदिन मुबारक हो, विराट।" कोहली की आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी खास अंदाज में उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। फ्रेंचाइजी ने 'एक्स' पर लिखा, "हर दौर में एक ऐसा खिलाड़ी होता है, जो उस दौर की पहचान बन जाता है। क्रिकेट के इस दौर के लिए विराट कोहली वही खिलाड़ी हैं। उनके आंकड़े इतिहास की किताबों में दर्ज रहेंगे और उनकी काबिलियत से पूरी दुनिया वाकिफ है। हम हमेशा उस एहसास को याद रखेंगे, जो उन्होंने हमें इतने वर्षों तक दिया है। जन्मदिन मुबारक हो, किंग कोहली।" रिकॉर्ड और उपलब्धियों से भरा है विराट का करियरविराट कोहली का अंतरराष्ट्रीय करियर उपलब्धियों और रिकॉर्डों से भरा रहा है। उन्होंने वनडे विश्व कप, टी-20 विश्व कप और दो चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब जीतने में भारतीय टीम के लिए अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए दो आईपीएल खिताब जीता है।

टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए राशिद को करना होगा इंतजार, फिटनेस बनी बाधा

एजेंसी, नई दिल्ली



अफगानिस्तान टीम के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान अभी भी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। पीठ की चोट और फिटनेस संबंधी चिंताओं के चलते अफगानिस्तान की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी टेस्ट मैच खेलने से बचने की सलाह दी है। अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले स्पष्ट किया कि पूरी तरह फिट होने के बाद ही राशिद टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे। राशिद खान ने अपने करियर में अब तक केवल छह टेस्ट मैच खेले हैं, जबकि सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों (वनडे और टी-20) में उनके नाम 245 से अधिक मैच दर्ज हैं। पीठ की चोट और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण वह हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वह अफगानिस्तान टीम के अहम खिलाड़ी बने हुए हैं। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार रहमत शाह ने कहा कि राशिद को लेकर टीम के मेडिकल स्टाफ और फिजियो ट्रेनरों ने सलाह दी है कि उन्हें अभी टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहिए, क्योंकि वह अभी इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। रहमत ने कहा कि हम सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए राशिद को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राशिद खुद भी टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं। हालांकि, अगर उनका शरीर इसकी अनुमति नहीं देता और डॉक्टरों तथा मेडिकल टीम की रिपोर्ट भी इसकी इजाजत नहीं देती, तो हम कोई जोखिम नहीं लेंगे। अफगानिस्तान के कप्तान ने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजों पर पड़ने वाले शारीरिक दबाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राशिद को पीठ की समस्याओं का पुराना इतिहास रहा है, इसके लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी है। रहमत ने कहा कि वह हमारे मुख्य स्पिनर हैं। अगर वह टीम में शामिल होते हैं, तो लंबी साझेदारी के दौरान मुझे निश्चित रूप से उनसे लगातार गेंदबाजी कराने की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों में उन पर काफी बोझ होगा, क्योंकि छोटे फॉर्मेट में खेल सिर्फ तीन घंटे का होता है और एक गेंदबाज को केवल चार ओवर ही फेंकने होते हैं, लेकिन टेस्ट में जिम्मेदारी और शारीरिक दबाव काफी ज्यादा होता है। राशिद के फिजियो के अनुसार, उन्हें अपने वर्कलोड को मैनेज करना होगा, क्योंकि उन्हें पहले पीठ की चोट रह चुकी है। हालांकि, रहमत शाह ने साफ किया कि राशिद खान भविष्य में अफगानिस्तान की टेस्ट टीम की योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे।

आईपीएल 2027 से पहले सीएसके और एसआरएच के बीच बड़ा ट्रेड, चार खिलाड़ियों की अदला-बदली

एजेंसी, नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच चार खिलाड़ियों को लेकर ट्रेड डील हुई है। इस ट्रेड के तहत इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ गए हैं, जबकि भारतीय तेज गेंदबाज खलील अहमद और ऑस्ट्रेलियाई पेसर नाथन एलिस सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में शामिल हो गए हैं। आईपीएल की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार लियाम लिविंगस्टोन 6 करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े हैं। उन्हें पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स अपनी मौजूदा 3 करोड़ रुपये की फीस पर सीएसके का हिस्सा बने हैं। एडवर्ड्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से पहले अपनी टीम में शामिल किया था। हालांकि, पैर में चोट के कारण वह आईपीएल 2026 में एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे। इस ट्रेड के तहत सनराइजर्स हैदराबाद ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद को उनकी मौजूदा 4.8 करोड़ रुपये की फीस पर अपनी टीम में शामिल किया है। खलील इससे पहले 2018 से 2021 तक सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा रह चुके हैं। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 मैचों में 15 विकेट लेने में सफल रहे थे। हालांकि, आईपीएल 2026 में पांच मुकाबले खेलने के बाद चोट के कारण उन्हें पूरे सीजन से बाहर होना पड़ा था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस भी 2 करोड़ रुपये की अपनी मौजूदा फीस पर सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ गए हैं। एलिस अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी और डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेगी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम 19 नवंबर से होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में अपना खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में तीन जीत हासिल की है। छह देशों का ये टूर्नामेंट 19 नवंबर से भोपाल में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में एशियाई खेलों में खिताब जीता था जिससे उसके हौंसले बुलंद है। ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

ऐसे में भाग ले रही सभी छह टीमें इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी हालांकि भारतीय टीम को इस दौरार घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी है। ऐसे में वह चौथी बार ये खिताब जीतना चाहेगी।भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद उसे 21 नवंबर को दक्षिण कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान से खेलना है।

बिजनेस

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त तेजी का माहौल बना हुआ है। मजबूत वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमत में आई भारी गिरावट के बीच आज बाजार की शुरुआत शानदार बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद मुनाफा वसूली के चक्कर मे शुरू हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी अपने ओपनिंग लेवल से लुढ़क कर थोड़ा नीचे भी आए, लेकिन थोड़ी देर में ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया।

खरीदारों के एक्टिव होकर चौतरफा लिवाली का जोर बना देने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली। ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर में आई तूफानी तेजी के सपोर्ट से शुरू हुई इस खरीदारी के दम पर बाजार लगातार ऊंचाई की ओर बढ़ता गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.93 प्रतिशत और निफ्टी 50 सूचकांक 1.79 प्रतिशत की जोरदार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज 1,609.54 अंक यानी 2.08 प्रतिशत की दमदार बढ़त दर्ज करते हुए 78,910.94 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जान के कारण ये सूचकांक पहले बीस मिनट में ही फिसल कर 78,520.56 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद बाजार में लिवाली का दौर शुरू हो गया। खासकर, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े दिग्गज शेयरों में आई तेजी से बाजार को शुरुआती बूस्ट मिला, जिससे यह सूचकांक उछल कर 79,001.19 अंक के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया। इस स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में एक बार फिर मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 1,493.46 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की शानदार मजबूती के साथ 78,794.86 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा था। सेंसेक्स की ही तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 ने भी आज 417.45 अंक यानी 1.74 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ 24,378.05 अंक के स्तर से अपने कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने कारण ये सूचकांक टूट कर 24,296.30 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि कुछ देर बाद ही ऑटो, बैंकिंग और आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनियों में शुरू हुई जोरदार लिवाली के चलते निफ्टी ने तूफानी रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक सुबह 10 बजे के कुछ देर पहले ही 24,442.20 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 50 सूचकांक 428.90 अंक यानी 1.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,389.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 3,018 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,609 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 409 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, सिर्फ दो शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और नौ शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। आज सुबह पहले घंटे यानी 10:15 बजे तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियों में से टॉप गेनर्स की सूची में श्रीराम फाइनेंस 5.82 प्रतिशत की तूफानी बढ़त के साथ सबसे आगे बना हुआ था। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन 5 प्रतिशत, टीएमपीवी 4.90 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 4.88 प्रतिशत और मारुति सुजुकी 4.79 प्रतिशत की तगड़ी मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली



ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान शानदार बढ़त के साथ बंद हुए थे। डाउ जोन्स फ्यूचर्स भी आज सुबह मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह बना रहा, जहां प्रमुख सूचकांकों में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। दूसरी ओर, एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। हालांकि भारतीय बाजार के लिए शुरुआती संकेत काफी मजबूत नजर आ रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट पर बेहतरीन रिकवरी देखने को मिली। अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेट्स की जीत के बाद राजनीतिक अनिश्चितता कम होने से निवेशकों में उत्साह बना हुआ नजर आया, जिससे सूचकांकों में मजबूती आई। हालांकि, एआई को लेकर कड़े नियमों की आशंका के चलते डेटा सेंटर कंपनियों के शेयरों में कुछ गिरावट भी दर्ज की गई। बुधवार के सत्र में डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1,569.40 अंक यानी तीन प्रतिशत की जोरदार तेजी के साथ 53,356.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं एसएंडपी 500 इंडेक्स 119.70 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,688.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके साथ ही टेक कंपनियों से जुड़े नैस्डैक कंपोजिट ने भी 364.50 अंक यानी 1.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,736.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं, डाउ जोन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 119.18 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,475.30 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तर्ज पर यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदार पूरी तरह हावी रहे। जर्मनी का डीएएक्स इंडेक्स 573.05 अंक यानी 2.17 प्रतिशत की बड़ी बढ़त दर्ज करते हुए 26,437.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह फ्रांस के सीएसी इंडेक्स ने 157.58 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 8,177.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई इंडेक्स भी 190.78 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की मजबूती दिखाते हुए 10,829.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। ग्लोबल मार्केट के इन संकेतों के बीच एशियाई बाजार में आज सुबह मिला-जुला रुख बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ प्रमुख बाजार में से पांच के सूचकांक बिकवाली के दबाव में लाल निशान में बने हुए हैं, जबकि चार सूचकांकों में फिलहाल बढ़त बनी हुई है। राहत की बात यह है कि भारतीय बाजार के लिए शुरुआती संकेत देने वाले गिफ्ट निफ्टी में आज सुबह तेज उछाल का रुख बना हुआ है, जो घरेलू बाजार के लिए बेहतरीन संकेत हैं।

रिजर्व बैंक ने वित्तीय बाजारों के लिए गठित की तकनीकी सलाहकार समिति

एजेंसी, नई दिल्ली



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वित्तीय बाजारों के लिए तकनीकी परामर्श समिति (टीसीसीएफएम) गठित करने की घोषणा की है। ये समिति मुद्रा बाजार और सरकारी प्रतिभूतियों सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण नीतिगत तथा परिचालन मामलों पर ध्यान देगी। आरबीआई ने एक अधिसूचना में बताया कि समिति की अध्यक्षता वित्तीय बाजार विनियमन विभाग (एफएमआरडी) के प्रभारी डिप्टी गवर्नर करेंगे। वर्तमान में ये जिम्मेदारी डिप्टी गवर्नर रोहित जैन के पास है। अधिसूचना के अनुसार ये समिति मुद्रा, सरकारी प्रतिभूतियों और विदेशी मुद्रा बाजारों के साथ-साथ उनसे जुड़े डेरिवेटिव (वायदा एवं विकल्प) बाजारों और बुनियादी ढांचे से संबंधित नीतिगत एवं परिचालन मामलों पर बाजार प्रतिभागियों तथा अन्य संबंधित पक्षों के साथ संरचनात्मक विचार-विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराएगी। इस समिति के सदस्यों में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य और आईआईटी बंबई में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस अनंत नारायण, एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक नीरज गंभीर, आईसीआईसीआई बैंक में ट्रेजरी एवं आर्थिक अनुसंधान प्रमुख शैलेंद्र झिंगन और सिटीबैंक इंडिया में प्रबंध निदेशक एवं बाजार प्रमुख आदित्य बागरी हैं। इसके अलावा समिति में एफआईएमएमडीए के चेयरमैन एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के उप प्रबंध निदेशक शमशेर सिंह, सीसीआईएल के प्रबंध निदेशक नंद किशोर और मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंध निदेशक रिधम देसाई भी सदस्य हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि समिति कारोबार, समाशोधन, निपटान, रिपोर्टिंग और बाजार के अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ संबंधित नियामकीय और परिचालन ढांचों पर भी विचार करेगी।

बीएलएस इंटरनेशनल ने 2026-27 की दूसरी तिमाही में किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली । सरकार और नागरिकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं तकनीक आधारित सेवाओं की मुख्य ग्लोबल पार्टनर बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त होने वाले जुलाई-सितंबर तिमाही और छमाही के लिए अपने अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणाम की घोषणा कर दी है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक 973 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड समेकित राजस्व दर्ज किया है, जो सालाना आधार पर 32 फीसदी की वृद्धि है। बीएलएस इंटरनेशनल ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही में विकास की मजबूत गति को जारी रखा। पहली छमाही के दौरान कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 28.7 फीसदी बढ़कर 1,863 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि एबिटा 20 फीसदी बढ़कर रु 500 करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गया। ये आंकड़े कंपनी के निरंतर व्यवसायिक विकास और संचालन के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं। दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी ने ऑटोमेशन, सुरक्षित बुनियादी ढांचे और रणनीतिक साझेदारियों में निवेश के जरिए अपने एआई-आधारित तकनीकी इकोसिस्टम को और मजबूत करने की घोषणा की है। इन पहलों से कंपनी की परिचालन दक्षता बढ़ रही है, डेटा सुरक्षा मजबूत हो रही है और आवेदकों के अनुभव में सुधार हो रहा है।

एससी एग्रोटेक के शेयरों ने 8 दिनों में लगाई 43 प्रतिशत से अधिक की छलांग


एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी के बीच स्मॉल-कैप कंपनी एससी एग्रोटेक लिमिटेड का शेयर इन दिनों निवेशकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बन गया है। पिछले आठ कारोबारी सत्रों में 43 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है। इस तूफानी तेजी के पीछे कंपनी के शानदार वित्तीय परिणाम और उसका नया डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म 'एग्रीब्रिज' हैं। 23 अक्टूबर को यह शेयर 30.88 रुपये के स्तर पर था, जो लगातार अपर सर्किट छूते हुए आज 4 नवंबर को 44.37 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह इसने अपने पिछले 52 सप्ताह के ऊपरी स्तर 43.80 रुपये को भी पार कर नए शिखर पर काबिज हो गया। इस दौरान कंपनी के शेयरों की ट्रेडिंग एक्टिविटी में भी जबरदस्त उछाल आया, जिससे कंपनी का ट्रेडिंग वॉल्यूम महज 5,266 शेयरों से बढ़ कर आज करीब 3.55 लाख शेयरों के स्तर तक पहुंच गया। अगर वित्तीय सेहत की बात करें, तो वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में ऑपरेशंस से होने वाला रेवेन्यू साल-दर-साल लगभग 802 प्रतिशत बढ़ कर 45.26 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 5.02 करोड़ रुपये था। इसी अवधि में कंपनी का तिमाही शुद्ध मुनाफा (नेट प्रॉफिट) करीब 48 गुना बढ़कर 21.21 लाख रुपये से 10.21 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भी यह मजबूती बनी रही। इस कारण कंपनी ने 83.11 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने में सफल रही। इसके साथ ही कंपनी को 19.77 करोड़ रुपये का टैक्स के बाद मुनाफा (प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) भी अर्जित किया।

'किंग 100 में तब्बू का दमदार अवतार, नागार्जुन के साथ दो दशक बाद दिखेगी जोड़ी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार नागार्जुन की आगामी फिल्म 'किंग 100 को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। फिल्म में अभिनेत्री तब्बू की पहली झलक सामने आ गई है। राम कार्तिक के निर्देशन में बनी यह फिल्म 24 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। फिल्म के जरिए नागार्जुन और तब्बू दो दशक से अधिक समय बाद एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आएंगे। तब्बू के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म निर्माताओं ने उनकी विशेष झलक जारी करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जारी किए गए इस दृश्य में तब्बू 'महानथी झांसी रानी नाम के एक सशक्त और प्रभावशाली किरदार में दिखाई दे रही हैं। उनका यह चरित्र आत्मविश्वास, दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत इरादों वाली महिला का है, जो अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने से पीछे नहीं हटती। पारंपरिक साड़ी में तब्बू का अंदाज बेहद आकर्षक और



गरिमामय नजर आ रहा है। उनकी प्रभावशाली उपस्थिति और किरदार की गंभीरता ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। निर्माताओं की ओर से जारी इस झलक से साफ है कि फिल्म में तब्बू की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होने वाली है। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी देवी श्री प्रसाद ने संभाली है, जबकि राजा महादेव ने छायांकन किया है। नवीन नूली फिल्म के संपादक हैं। फिल्म में सुष्मिता भट्ट और कन्नड़ सिनेमा के चर्चित अभिनेता उपेंद्र भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नागार्जुन और तब्बू की लोकप्रिय जोड़ी को लंबे समय बाद एक साथ देखने का अवसर मिलने से प्रशंसकों में खास उत्साह है। अब दर्शकों को 24 दिसंबर का इंतजार है, जब 'किंग 100 सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सिनेमा विशेषज्ञों का मानना है कि 'किंग 100' केवल एक मनोरंजन फिल्म नहीं, बल्कि नागार्जुन और तब्बू दोनों के करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है। जहां नागार्जुन अपने खास अंदाज और स्टारडम के लिए जाने जाते हैं, वहीं तब्बू की सशक्त अभिनय क्षमता हर किरदार में प्राण फूंक देती है। फिल्म में कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र की मौजूदगी इस प्रोजेक्ट को और अधिक भव्य और बहुभाषी अपील प्रदान करती है। क्रिसमस के मौके पर रिलीज हो रही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाने की ओर इशारा कर रही है। सिनेमाप्रेमी लंबे समय बाद इस सदाबहार जोड़ी को एक साथ बड़े पर्दे पर जादू बिखेरते देखने के लिए बेताब हैं।

मैं बिकिनी पहनूंगी, किसी के बाप का क्या जा रहा है : सोनारिका

सोनारिका भदौरिया के पुराने बिकिनी विवाद पर छलका दर्द, सालों बाद ट्रोलर्स को दिया दो टूक जवाब— 'मुझे किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं'

मशहूर टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया द्वारा सालों पहले बिकिनी में अपनी तस्वीरें साझा करने पर भयंकर ट्रोलिंग का शिकार होने के बाद अब इस पूरे विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ट्रोलर्स को बेहद सख्त लहजे में जवाब दिया है। देवों के देव महादेव में मां पार्वती का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं सोनारिका ने साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। सोनारिका ने बेबाक अंदाज में कहा, मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है। यह पूरा मामला साल 2016 का है, जब सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं और वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए संस्कारहीन और बेशर्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, और कई यूजर्स ने अश्लील और भद्दे कमेंट भी किए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि जब यह ट्रोलिंग हुई, तब देवों के देव महादेव शो खत्म हो चुका था। इसके बाद भी वह कई सीरियल में काम कर चुकी थीं, लेकिन लोग उनका इंटरव्यू सिर्फ इस सवाल के लिए लेना चाहते थे कि पार्वती का रोल करने वाली एक्ट्रेस बिकिनी कैसे पहन सकती है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंची सोनारिका ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह आज भी बिकिनी पहनने से पीछे नहीं हटेंगी, और उन्हें यह सफाई क्यों देनी चाहिए कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। एक्ट्रेस के अनुसार, असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इस सोच पर सवाल उठाया कि किसी शो में किरदार निभाने का मतलब यह नहीं है कि असल जिंदगी में भी इंसान को वैसा ही रहना होगा। सोनारिका ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि अगर कोई पानी में जा रहा है तो वह बिकिनी ही पहनेगा, पानी में सूट पहनकर तो नहीं जा सकती। उनके



मुताबिक, पर्दे पर निभाया गया किरदार और किसी की निजी जिंदगी दो अलग-अलग चीजें हैं, और लोगों को दोनों के बीच फर्क समझना चाहिए। सोनारिका ने कहा कि उन्हें मां पार्वती के रोल के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला और वह इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेंगी, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि लोग उनकी निजी जिंदगी के फैसले भी तय करेंगे। वह अपनी पसंद और अपनी जिंदगी को लेकर खुद फैसला लेने का हक रखती हैं। सोनारिका का मानना है कि कई लोग दूसरों की जिंदगी देखकर जलते हैं और उन्हें लगता है कि कोई अपनी पसंद से जिंदगी कैसे जी सकता है।

सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस कर चुके हैं सुपरस्टार शाहरुख खान

अपने दशकों लंबे करियर में सुपरस्टार शाहरुख खान ने सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस किया है। चाहे काजोल हो या दीपिका पादुकोण, शाहरुख के साथ हर हीरोइन की जोड़ी ने सिनेमाप्रेमियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री पर दर्शक आज तक बेशुमार प्यार लुटाते हैं। शाहरुख खान आज 61 साल के हो चुके हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर, आइए एक नजर डालते हैं शाहरुख खान की उन सात यादगार ऑनस्क्रीन जोड़ियों पर, जिन्होंने अलग-अलग दशकों में बड़े पर्दे पर प्यार की अनोखी दास्तां रची है और दर्शकों का दिल जीता है।

बॉलीवुड में शायद ही कोई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ी हो, जिसने शाहरुख और काजोल जैसा जादू बिखेरा हो। 1993 में बाजीगर से शुरू हुआ यह सफर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों तक पहुंचा। पर्दे पर उनका नोक-झोंक भरा अंदाज, गहरे इमोशनल सीन और सुरीले गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। साल 2015 में आई फिल्म दिलवाले में जब दोनों दोबारा साथ आए, तो पुरानी यादें फिर से ताजा हो गईं। शाहरुख खान और जूही चावला की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई, एक अलग ही ताजगी और मिठास लेकर आई। यश बॉस, डुप्लीकेट और फिर भी दिल है




हिंदुस्तानी जैसी फिल्मों में उनकी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और सहज रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली। स्क्रीन पर उनका स्वाभाविक और मनमोहक अंदाज लोगों को खूब पसंद आता था, जिसने उनकी दोस्ती और ऑनस्क्रीन जादू को और बढ़ा दिया। शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने एक साथ बेहद अलग-अलग मिजाज की फिल्मों में काम किया है। दिल तो पागल है में जहां उनके रोमांस और डांस के अनोखे कॉम्बिनेशन ने दिल जीत लिया, वहीं देवदास में दोनों की गंभीर और भावनात्मक एक्टिंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। माधुरी का ग्रेसफुल अंदाज और शाहरुख की इंटेंस परफॉर्मेंस जब भी आपस में मिलीं, पर्दे पर एक यादगार सिनेमा बनकर उभरीं। प्रीति जिंटा ने अपनी क्यूटनेस और ऊर्जा से शाहरुख के साथ अपनी जोड़ी को बेहद खास बना दिया। कल हो ना हो में उनकी प्रेम कहानी ने हंसाने के साथ-साथ दर्शकों की आंखें भी नम कर दीं, वहीं वीर-जारा में सालों के लंबे इंतजार और सच्चे प्यार की मिसाल पेश की गई। इन दोनों फिल्मों में उनकी दिल छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने किरदारों को दर्शकों के दिलों के हमेशा करीब रख दिया। शाहरुख खान और रानी मुखर्जी की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री समय के साथ काफी निखरती चली गई। कुछ कुछ होता है के कॉलेज वाले यूथफुल रोमांस से लेकर कभी अलविदा ना कहना में शादीशुदा रिश्तों के उलझे हुए ताने-बाने तक, दोनों ने हर रोल में अपनी छाप छोड़ी। रानी की एक्सप्रेसिव एक्टिंग और शाहरुख के दमदार अभिनय ने इस जोड़ी को आम रोमांटिक फॉर्मूले से बहुत आगे लाकर खड़ा कर दिया।

दीपिका पादुकोण ने फिल्म ओम शांति ओम से शाहरुख के साथ ही अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद दोनों चेन्नई एक्सप्रेस और हैप्पी न्यू ईयर जैसी धमाकेदार एंटरटेनर फिल्मों में साथ नजर आए। साल 2023 की फिल्म पठान में उनका एक्शन अवतार भी काफी पसंद किया गया। यह सुपरहिट जोड़ी अब जल्द ही आने वाली फिल्म किंग में भी एक बार फिर साथ नजर आने वाली है। अनुष्का शर्मा ने भी अपने करियर की शुरुआत 2008 में शाहरुख खान की फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से की थी। इसके बाद दोनों जब तक है जान जैसी इमोशनल लव स्टोरी और जब हैरी मेट सेजल में दो अजनबियों की खूबसूरत बॉन्डिंग में साथ दिखे।

गाना तू मिल जाए की शूटिंग के दौरान गर्भवती थी दीपिका

आगामी फिल्म किंग का पहला गाना तू मिल जाए रिलीज कर दिया गया है। शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर जारी किये गए इस गाने में शाहरुख और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों का दिल जीत रही है। दोनों विदेशी लोकेशन पर एक-दूसरे की बाहों में बाहें डाले डांस करते नजर आ रहे हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पाँच महीने की गर्भवती थीं। साल 2023 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्मों पठान और जवान में शाहरुख और दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब तीन साल बाद यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। किंग फिल्म के पहले गाने तू मिल जाए में दीपिका और शाहरुख का रोमांटिक अंदाज इस फेस्टिव सीजन को और खास बना रहा है। दीपिका ने गाने में कई अलग-अलग लुक अपनाए हैं, और उनके हर अंदाज़ को सराहना मिल रही है। यह जानकर सभी हैरान हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान दीपिका अपनी दूसरी बेटी देवी के साथ पाँच महीने की गर्भवती थीं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबर दुनिया के सामने आने के कुछ समय बाद ही शाहरुख के साथ गाने की शूटिंग के लिए केपटाउन का रुख किया था। अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने पूरी लगन और व्यावसायिकता के साथ गाने की शूटिंग जारी रखी। उन्होंने अपने काम के प्रति समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया, जहाँ उन्होंने अपनी



व्यक्तिगत स्थिति को अपने पेशेवर प्रतिबद्धताओं के आड़े नहीं आने दिया। गाने में उनके हर लुक और अंदाज को देखकर कोई अनुमान नहीं लगा सकता कि वे उस समय गर्भवती थीं। दीपिका पादुकोण ने 19 सितंबर 2026 को अपनी दूसरी बेटी देवी को जन्म दिया था। दीपिका और रणवीर सिंह की प्रेम कहानी फिल्म राम लीला की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। साल 2015 में चुपके से सगाई करने के बाद, उन्होंने 2018 में इटली में शादी की।

रजनीकांत की फिल्म 'धर्मन में शामिल हुईं श्रीलीला

दक्षिण भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म 'धर्मन में शामिल हो गई हैं। अश्वथ मारिमुथु के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पहली बार श्रीलीला और रजनीकांत की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म निर्माताओं ने कमल हासन के निर्माण संस्थान 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के माध्यम से एक विशेष घोषणा वीडियो जारी कर श्रीलीला का फिल्म में स्वागत किया है। शिवकार्तिकेयन के साथ फिल्म 'पराशक्ति के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखने के बाद श्रीलीला के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। वह धनुष और ममूटी की फिल्म 'ओम के अलावा अजित कुमार की फिल्म 'डेयरडेविल से भी जुड़ी हुई हैं। अब 'धर्मन में उनकी एंट्री ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। फिल्म में पहले से ही दक्षिण भारतीय सिनेमा के कई चर्चित कलाकार शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, इस एक्शन प्रधान मनोरंजक फिल्म में रजनीकांत एक डॉक्टर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि, उनका यह किरदार पारंपरिक नायक की छवि से अलग होगा और उसके व्यक्तित्व में नकारात्मक पहलू भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में सिमरन, नयनतारा, राशि खन्ना और योगी बाबू भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इससे पहले निर्माताओं की ओर से



जारी पोस्टरों में रजनीकांत के हाथों पर खून लगा हुआ दिखाया गया था, जिसने उनके किरदार को लेकर रहस्य और रोमांच बढ़ा दिया है। निर्माताओं ने उनके किरदार को 'केट्टा पैयन यानी बुरा लड़का बताया है। यह नाम रजनीकांत की चर्चित फिल्म 'मुल्लुम मलारुम में उनके लोकप्रिय किरदार की याद दिलाता है। फिल्म की कहानी और कलाकारों को लेकर सामने आ रही जानकारियों ने इसे लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि रजनीकांत इस फिल्म में डॉक्टर के एक अलग और चुनौतीपूर्ण अवतार से दर्शकों को कितना प्रभावित कर पाते हैं।

ओवन का इस्तेमाल करते समय न करें ये 5 गलतियां



आजकल ओवन का इस्तेमाल खाना पकाने और बेकिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, कई लोग इस उपकरण का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते, जिससे उनके व्यंजन सही नहीं बन पाते। इस लेख में हम कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बात करेंगे, जो लोग ओवन का इस्तेमाल करते समय कर देते हैं। इन गलतियों को जानकर आप अपने ओवन का बेहतर उपयोग कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को सेहतमंद बना सकते हैं। ओवन को पहले से गर्म करना बहुत जरूरी है। अगर आप बिना गर्म किए ही ओवन में खाना डाल देते हैं तो आपका खाना ठीक से नहीं पकता। इससे न केवल आपका समय बर्बाद होता है, बल्कि आपका खाना भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा अपने ओवन को पहले से गर्म करें।

इससे आपका खाना समान रूप से पकेगा और आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। यह आदत आपके बेकिंग और खाना पकाने



के अनुभव को बेहतर बनाएगी।ओवन का तापमान बहुत अहम होता है। अगर आप सही तापमान पर ध्यान नहीं देते तो आपका खाना जल सकता है या ठीक से पक नहीं पाता। हर व्यंजन के लिए अलग-अलग तापमान की जरूरत होती है, इसलिए रेसिपी में दिए गए तापमान का पालन करें। अगर आपको किसी व्यंजन की रेसिपी याद नहीं आ रही हो तो ओवन में खाना पकाने से पहले उसे एक बार जरूर पढ़ें। इससे आपका खाना सही तरीके से बनेगा। अक्सर लोग ओवन की ट्रे को सही तरह से नहीं रखते, जिससे खाना ठीक से पक नहीं पाता। ट्रे को हमेशा बीच में रखें, ताकि गर्म हवा चारों ओर समान रूप से फैले और आपका खाना अच्छे से पके। इसके अलावा ट्रे को बहुत ऊपर या नीचे न रखें, क्योंकि इससे भी खाना ठीक से नहीं पकेगा। सही जगह पर ट्रे रखने से आपका खाना हर बार सही बनेगा और ओवन का उपयोग करना भी आसान हो जाएगा। ओवन का दरवाजा बार-बार खोलना एक बड़ी गलती हो सकती है। जब आप बार-बार दरवाजा खोलते हैं तो गर्म हवा बाहर निकल जाती है, जिससे खाना ठीक से नहीं पक पाता। इससे न केवल आपका समय बर्बाद होता है, बल्कि आपका खाना भी खराब हो सकता है। ओवन का दरवाजा तभी खोलें जब बहुत जरूरी हो, जैसे कि किसी व्यंजन को चेक करने के लिए। इससे आपका खाना सही तरीके से बनेगा और स्वादिष्ट भी होगा। ओवन की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि उसका सही इस्तेमाल करना। समय-समय पर ओवन को साफ करते रहना चाहिए, ताकि उसमें जमी हुई गंदगी न रहे। इससे न केवल आपका ओवन लंबे समय तक चलेगा, बल्कि आपका खाना भी बेहतर बनेगा। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपने ओवन का बेहतर उपयोग कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को सही बना सकते हैं। इन गलतियों को सुधारकर आप अपने किचन अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।

BRIFF NEWS

Take on Modi in Parliament FM Sitharaman tells Rahul Gandhi on debate challenge



New Delhi, Agency: While accusing Rahul Gandhi of disrespecting institutions, finance minister Nirmala Sitharaman asked the LoP to debate with PM Narendra Modi in Parliament.

"Just yesterday, home minister Amit Shah offered a special session to debate SIR and EVMs. Why not show the same enthusiasm for a debate in Parliament that you show while issuing challenges on social media? Demanding answers also carries an obligation to hear them," Sitharaman posted on social media.

She added that Rahul should bring specific allegations and evidence instead of raising " frivolous issues". She said on several occasions in the past, Congress had walked out of Parliament while govt was responding to allegations. "How do you claim to be so eager for a debate when you don't even stay to hear the other side?" she said.

Sonam Wangchuk's wife told to stop classes in Leh school



Srinagar,Agency: Ladakh Union territory (UT) authorities have directed Himalayan Institute of Alternatives (HIAL), founded by climate activist Sonam Wangchuk, to refrain from starting classes and other activities at a school within the complex in Leh till a land dispute pending in the high court is decided.

A notice pertaining to Desert Flower School was issued to Gitanjali J. Angmo, Wangchuk's wife who is listed as HIAL's official founder and CEO. The notice says moves to start classes at the school could "prejudice" proceedings pending in the HC.

"The notice takes serious note of the reported commencement of school activities without obtaining requisite consent, clearances and approvals from the concerned authorities," a govt spokesperson said in a statement.

The school was preparing to begin its new academic session, for which it had sought an NOC that has not been granted so far, sources said. Gitanjali dismissed the notice as "baseless", claimed a reply had been sent and blamed the authorities for the delay in the NOC.

According to the govt spokesperson, the notice issued by the Leh tehsildar advises HIAL to maintain "strict status quo" and "not undertake any action whatsoever towards functioning or commencement of activities at the school" until the final HC decision.

Ladakh authorities had cancelled HIAL's land allotment in Aug 2025, following which it moved the HC. In an affidavit last month, the authorities accused HIAL of occupying the land without paying dues.

Right to protest can't justify endless occupation of a site

New Delhi, Agency: Supreme Court on Tuesday said no group, political party, NGO or civil society outfit could occupy a protest site indefinitely.

A bench of Chief Justice Surya Kant and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana said there were competing fundamental rights right to carry on trade and business and right to free speech and expression when senior advocate Mukul Rohatgi, appearing for traders, said the court must restrain all parties, NGO and civil society groups from holding protests in Delhi for the next two months to enable businesses to resume and to ensure that workers got their due.

The court asked a traders' association, which has sought Rs 1,000 crore in damages due to protests by CJP and opposition INDIA bloc during the festive season, to implead the protest organisers in the case for determination of



compensation and how it is apportioned if it is awarded.

Solicitor general Tushar Mehta said those who call for bandhs and agitations must bear responsibility towards compensating the loss caused to others. The bench asked Rohatgi to make the individuals, organisations and political parties responsible for protests and the resultant closure of shops parties in the petition.

When senior advocates Menaka Guruswamy, Arundhati Katju, N Hariharan and others simultaneously argued that protests were part of the right to free speech and right of dissent in a democracy, the bench said, "The right to protest and right to trade and business are both constitutionally recognised fundamental rights. We are not talking about trade in the commercial sense."

CJI Kant said, "We are talking in terms of the source of livelihood of daily wagers, hawkers, rediwalas, sabziwalas - where will they go? Hence, a protest site must be identified which allows people to protest without hampering the livelihood of daily wagers." The CJI emphasised that the right to protest was not an absolute right.

FIR against Prashant Bhushan for sharing fake video of Russian minister criticising India

New Delhi, Agency: An FIR has been registered against senior advocate Prashant Bhushan for sharing a morphed video purportedly showing Russian Foreign Minister Sergey Lavrov criticising India over its internal affairs and oil purchases.

The development comes a day after the Ministry of External Affairs (MEA) fact-checked the video, confirming that the clip was fabricated. The clarification followed a denial by the Russian Embassy, which also disputed the authenticity of the video.

Bhushan had shared the clip on social media with the caption, "a tight slap by the Russian foreign minister on India. What kind of advice was Jaishankar giving to Russia?" The video purportedly showed Lavrov criticising India's



domestic affairs and its purchases of Russian oil. This comes as External Affairs Minister S Jaishankar met Lavrov on the sidelines of the G20 Foreign Ministers' Meeting in Atlanta, US, on October 31.

Jaishankar shared a photograph of the meeting on X, saying, "Discussed the Ukraine conflict, Gulf situation and multilateral issues with FM Sergey Lavrov of Russia." Addressing queries during the MEA's bi-weekly press briefing, spokesperson Randhir Jaiswal said Jaishankar had held several bilateral meetings on the sidelines of the G20 gathering, including one with his Russian counterpart.

The meeting between the two ministers covered the Ukraine conflict, the situation in the Gulf and wider multilateral issues. The interaction took place amid the ongoing Russia-Ukraine war and heightened tensions in West Asia, which have raised concerns over energy security, maritime trade routes and regional stability.

India has continued to engage with Russia through high-level diplomatic meetings despite differences between Moscow and Western capitals over the Ukraine conflict.

Rank-based merit list to replace percentile for NEET PG: Panel to SC

New Delhi, Agency: Medical postgraduate admissions could see a major change, with the National Medical Commission (NMC) giving in-principle approval to replace the existing percentile-based system with a rank-based system for NEET-PG and NEET-Super Speciality (SS) counselling.

A 12-member expert committee constituted to review the NEET-PG admission and counselling process told Supreme Court in its report on Tuesday that the commission is working on a new regulation under which only ranks would be declared and percentile marks would no longer be specified. The proposal received in-principle approval at the NMC's meeting on Sept 23, according to a letter dated Oct 1, 2026, from the NMC secretary to the director general of health services (DGHS). The commission is yet to finalise the regulation. SC is examining various petitions challenging Centre's decision to drastically reduce the qualifying cut-off percentiles for NEET-PG 2025.



One more Indian seafarer killed near Oman; toll 23

New Delhi, Agency: An Indian seafarer died in an attack on a commercial vessel near Oman, taking the toll of Indian nationals killed in the West Asia conflict to 23. Of these 23 Indians, 15 were seafarers.

India condemned the attack on MSV AL JUSUFI near Limah in Oman.

On Tuesday, shipping minister Sarbananda Sonowal on X said on Nov 2 (Monday), the Indian vessel carrying 14 Indian seafarers was struck by an unidentified aerial object while navigating near the Oman coast. "While 13 crew members safely evacuated and were rescued by Omani Coast Guard, I am deeply saddened to report that one of our seafarers, Gandhar Nahim Ajij from Gujarat, tragically succumbed to injuries," he said. In a statement, MEA said the continuing attacks on commercial shipping in the region are deeply concerning and reiterated India's call for immediate deescalation of tensions, and the conclusion of ongoing negotiations for a diplomatic solution so that peace and stability can return to the region.

"The targeting of commercial shipping and civilian infrastructure in the region must end, and free and unimpeded navigation and commerce through the international waterways in the region, in keeping with international law, must be restored at the earliest," it said. Responding to a question on Russia-Ukraine conflict, also said that five Indians had been killed so far in attacks in the Black Sea region.

Judge facing rape charge presides over Pocso court

New Delhi, Agency: Can a UP additional district judge, chargesheeted for rape by Delhi police for allegedly sexually exploiting a woman, head a Pocso court which decides criminal cases against persons accused of sexually assaulting minors? Supreme Court has agreed to examine this petition filed by the rape complainant, reports Dhananjay Mahapatra. A bench of CJI Surya Kant, and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana issued notice Monday on the petition and sought response from Allahabad high court on her plea for suspension of the senior judicial officer.

Appearing for the petitioner, advocate Rakesh Kumar Singh told the bench that at least judicial work should be withdrawn from the judge, but the Allahabad HC had rejected her petition. The




bench in a cryptic order said, "Issue notice, returnable on Dec 11." The petitioner had lodged an FIR at Mayur Vihar police station on Dec 8, 2022 accusing the judicial officer, whom she met on a matrimonial site, of making repeated false promises to marry to establish a physical relationship with her. Delhi Police in Jan 2023 sought permission from Allahabad HC to proceed against the judicial officer. Two months later, Delhi HC granted the judge interim protection from arrest but allowed police to continue the investigations, she said. Police later recorded her statement before a magistrate. Police in June 2023 sent a reminder to Allahabad HC for early decision on request to proceed in investigations against the judicial officer but were informed by the HC that a vigilance inquiry was already going on against him. In Oct 2024, the chief justice of Allahabad HC permitted investigations, and the HC directed the judicial officer to cooperate with the probe. In April 2025, Delhi police informed the Allahabad HC regarding proposal to file chargesheet against the judge and on May 5 last year, the chargesheet was filed against the additional district judge under Section 376 IPC (rape). In Nov last year, Delhi HC allowed the trial court to proceed with the chargesheet but continued the interim order protecting the judicial officer from arrest.

'Air fares up by 700%': Don't fly, says SC

New Delhi, Agency: Supreme Court Monday refused to urgently list a plea against steep rise in domestic air fares during Diwali season and seeking a direction to Centre to frame a mechanism to cap air fares on domestic routes during festival periods.

The issue of regulation of air



fares is still pending before SC, a bench hearing the plea was informed while seeking the court's intervention. But the court turned down the plea.

Advocate Abhinav for the petitioner submitted that fares have gone up 700% amounts to a violation of Article 14 of the Constitution. "Don't travel by air," the bench said.

Supreme Court seeks Centre's response on whereabouts of Barman from Bangladesh

New Delhi, Agency: Bipul Chandra Barman, a resident of 'Hindu Prodhan Para' in Panchagarh district of Bangladesh, came on medical visa for treatment at Siliguri in West Bengal on March 20 last year, attended the hospital for two days, then went to Thakur Anukul Chandra Ashram at Deoghar and is untraceable since March 24 last year.

For the ministry of external affairs (MEA), additional solicitor general Archana Pathak Dave informed the Supreme Court, which has in session of a habeas corpus petition by Barman's wife in session, that the person remains untraceable and that the relatives must lodge a zero FIR relating to a missing person complaint with Jharkhand police at Deoghar.

The wife, through her counsel, said on Jun 30 last year, the Bangladesh High Commission in Kolkata, acting on a request from MEA, issued a letter to the Bangladesh government seeking verification of a person detained in India and identified as Bipul Chandra Pradhan. In August last year, the Bangladesh foreign ministry sent a letter to the Indian home



ministry confirming that Barman is a Bangladeshi citizen and has no criminal antecedents. In search of her husband, the wife travelled to India and gave representation for Barman's release in June this year. Finding no response, she moved the SC.


What was intriguing for the SC was the categorical denial by the MEA that Barman has neither been detained, arrested, nor deported by Indian authorities and that his status remains as a missing person. Dave also informed the court that Indian authorities have not communicated at all with the Bangladesh counterparts on Barman. Adding further complications to an already complicated case, the West Bengal government informed the court that Barman's mobile phone number was found to be used by a person at Barh in Bihar, which is proximate to Deoghar in Jharkhand, the place he visited last before becoming untraceable.

Row erupts after Scottish govt sends IT contract to Bengaluru to administer welfare payment

New Delhi, Agency: The Scottish National Party, which governs Scotland, has come under fire from opposition ministers for handing a £35.4 million (almost Rs 450 crore) contract to an IT services company in Bengaluru.

Under the contract, Mphasis will manage and maintain Scotland's benefits management platform that delivers welfare benefits to around two million citizens across Scotland.

Scotland first minister John Swinney has just returned from a trade mission to India where he was meant to be finding oppor-



tunities to support jobs and prosperity across Scotland, so news that he has instead sent lucrative work to India has sparked fiery criticism back home.

Scottish Labour's social justice spokesman, Mark Griffin, told the "Scottish Mail on Sunday": "We should be using public contracts like this to boost local business and the Scottish economy and create jobs in Scotland. All too often, under SNP, good work has flowed overseas. SNP ministers should explain why this decision was made." Shadow secretary of state for Scotland Harriet Cross posted on X: "They send millions to India to help administer their ballooning benefits system. This is taxpayers' money. And they're sending it abroad."

"Our ongoing relationship with Social Security Scotland allows us to support one of the country's most critical public service platforms, and our commitment is to maintain continuity, improve operational efficiency and deliver meaningful outcomes for individuals and families across Scotland. The project aligns with our broader public sector focus; supporting govt organisations in running secure, reliable and future-ready digital services," said Ashish Devalekar, executive vice-president and head of Europe, Mphasis.

A Social Security Scotland spokesperson told Media: "Contracts are awarded in line with the Scottish govt's procurement guidelines, which state that bids are to be treated equally, regardless of the location.